शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 11 | अंक : 179 | गुवाहाटी | गुरुवार, 30 जनवरी, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

भारत के साथ अनुचित संधियों पर करेंगे चर्चा — पेज 2
बाक्सा में महिला और बाल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित — पेज 3
विधान सभा में सर्वदलीय बैठक : मंत्रीगण आएंगे तैयारी के साथ, प्रतिपक्ष... — पेज 5
लीजेंड 90 लीग : सभी टीमों की घोषणा रायपुर में 6 फरवरी से होगी भिड़ंत — पेज 7

S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*अपने हित से पहले, समाज और देश के हित को देखना एक विवेक युक्त सच्चे नागरिक का धर्म होता है।*

– ईश्वर चंद्र विद्यासागर

## महाकुंभ : संगम में भगदड़, 30 की मौत, 60 घायल

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने हादसे पर शोक व्यक्त किया

**महाकुंभनगर ( हि.स. )।** मंगलवार की रात को संगम नगरी से अमंगल समाचार सामने आया। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के स्नान के लिये भीड़ का दबाव इतना बड़ा कि संगम तट पर भगदड़ मच गई। सूत्रों के अनुसार हादसे में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिसमें से 25 श्रद्धालुओं की शिनाख्त हो गई है। हादसे में 60 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। मरने वालों में अधिकतर श्रद्धालु कर्नाटक, गुजरात और असम के हैं। डीआईजी मेला वैभव कृष्ण ने बताया कि भारी भीड़ के दबाव में बैरिकेड्स टूटने से यह हादसा हुआ। हादसे में 90 श्रद्धालु घायल हुए। इसमें से 30 श्रद्धालुओं की मौत हुई। मृतकों में से 25 की पहचान हो चुकी है। शेष पांच की पहचान के प्रयास जारी हैं। 24 घायलों को घर भेज दिया गया है। 36 घायलों का इलाज प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल में जारी है। मेलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने बताया कि आज कोई वीवीआईपी या वीआईपी प्रोटोकाल नहीं था। आज किसी प्रकार के वीआईपी वाहन का प्रवेश नहीं था। उन्होंने बताया कि आगे भी अमृत स्नान के पर्व पर कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं होगा। मेलाधिकारी ने बताया कि ग्रीन कॉरिडोर बनाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। मेला प्रशासन ने मृतकों एवं घायलों की जानकारी के लिए हेल्प लाइन नम्बर 1920 जारी किया। वहीं घायलों का इलाज महाकुंभ नगर के केंद्रीय अस्पताल में जारी है। महाकुंभ के अस्पताल



में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। राहत और बचाव कार्य में पूरा प्रशासन जुटा हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह दर्दनाक हादसा रात करीब दो बजे संगम तट के पास हुआ। राहत कार्य करीब 1 घंटे बाद शुरू हुआ। महाकुंभ में मौनी अमावस्या के लिए मंगलवार सुबह से ही अपार जन समूह उमड़ा हुआ था। दोपहर में बेकाबू भीड़ ने कई स्थानों की बैरिकेडिंग भी तोड़ी। रात में स्नान शुरू होने के बाद संगम में भीड़ अधिक बढ़ गई। संगम तट और उसके आसपास लाखों श्रद्धालु जमा हो गए। अखाड़ों के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग भी कुछ स्नानार्थियों ने तोड़ने का प्रयास किया। जिसको जहां से जगह मिलती उधर ही चला जाता। आधी रात के बाद स्नानार्थियों की भीड़ संगम तट के करीब ठहर गई, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। रात करीब दो बजे स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो भगदड़ मच गई। इधर-उधर भागती भीड़ में जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका। जिसने भागने का प्रयास किया वह भी दब गया। मेला कंट्रोल रूम और पुलिस कंट्रोल रूम को यह सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। हादसे की सूचना मिलने पर पैरामिलिट्री फोर्स, एबुंलेंस को अलग-अलग स्थान से संगम की ओर रवाना किया गया। इसके बाद एंबुलेंस में तमाम श्रद्धालुओं को भरकर लाया गया। केंद्रीय अस्पताल में कई लोगों को जमीन पर लिटाया गया था, जिनके बारे में एक अस्पताल कर्मी ने कहा कि उनकी -शेष पृष्ठ दो पर

### सीएम योगी ने दिए न्यायिक जांच के आदेश



**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में हुए हादसे के उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने मृतक के परिजनों को 25 लाख की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 के आसपास लोगों की मृत्यु हुई है। इसके साथ ही पुलिस के स्तर से भी जांच की बात सीएम योगी की तरफ से कही गई है। महाकुंभ में मची भगदड़ पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मौनी अमावस्या पर पवित्र डुबकी लगाने के लिए कल शाम 7 बजे से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज में एकत्र हुए थे। अखाड़ा मार्ग पर एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जिसमें 90 से अधिक लोग घायल हो गए और 30 लोगों की मौत, 36 लोगों का इलाज चल रहा है, भीड़ ने अखाड़े के -शेष पृष्ठ दो पर

### भगदड़ में 63 वर्षीय असम के व्यापारी की मौत : पुलिस



**सिलचर।** पुलिस ने बताया कि महाकुंभ में बुधवार तड़के हुई भगदड़ में असम के हैलाकांदी जिले के 63 वर्षीय एक व्यापारी की मौत हो गई। हैलाकांदी की पुलिस अधीक्षक (एसपी) लीना डोले ने बताया कि मृतक का शव इलाहाबाद से हवाई मार्ग से सिलचर लाया जाएगा। असम सरकार ने उनके शोक संतप्त परिवार के लिए 5 लाख रुपए का मुआवजा घोषित किया है। असम सरकार ने भी अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है और परिवार को निरंतर सहायता का आश्वासन दिया है। सूत्रों के अनुसार पाल का परिवार शव के साथ फंसा हुआ है, क्योंकि अधिकारी कथित तौर पर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने से इनकार कर रहे हैं। मालूम हो कि असम में ओम स्वीट्स के मालिक नीतिरंजन पॉल पिछले सप्ताह अपने -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### भारत-म्यांमार सीमा पर मुठभेड़, 10 से ज्यादा उग्रवादी ढेर

**इंफाल ( हि.स. )।** भारत-म्यांमार सीमा के पास बॉर्डर पिलर नंबर 87 के पास एक मुठभेड़ में कूकी नेशनल आर्मी- बर्मा (केएनए-बी) के 10 से ज्यादा उग्रवादी मारे गए, जबकि कई अन्य लोग घायल हो हुए हैं। मणिपुर पुलिस के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मणिपुर के कामजोंग जिले के कबाव घाटी में -शेष पृष्ठ दो पर

### पीएम ने इसरो को ऐतिहासिक सौवें प्रक्षेपण पर बधाई दी

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर बधाई दी। उन्होंने इसे एक अविश्वसनीय मील का पत्थर बताया जो देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा में निजी क्षेत्र की बढ़ती भूमिका पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया -शेष पृष्ठ दो पर

## असम के निवर्तमान डीजीपी जीपी सिंह ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के निवर्तमान पुलिस महानिदेशक एवं सीआरपीएफ के नवनियुक्त महानिदेशक जीपी सिंह ने मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा का आभार जताया। बुधवार को सोशल मीडिया पर जीपी सिंह ने लिखा कि मुख्यमंत्री ने उनकी विदाई के अवसर पर असम पुलिस महानिदेशक के सरकारी आवास *असम पुलिस हाउस* में आकर उनके परिवार को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें राष्ट्रहित में सतत कार्य करने की प्रेरणा और मार्गदर्शन दिया। जीपी सिंह ने कहा कि वे और उनका परिवार मुख्यमंत्री के हृदय से आभारी हैं। इस अवसर पर असम छोड़ने के मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए जीपी सिंह की पत्नी और उनकी बेटी भावुक -शेष पृष्ठ दो पर

## मर जाऊंगा लेकिन अपनी जन्मभूमि के बारे में कभी बुरा नहीं बोलूंगा : सीएम डॉ. शर्मा

**नई दिल्ली।** असम सीएम हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को उत्तम नगर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केजरीवाल का जन्म हरियाणा में हुआ है जो अपने जन्मभूमि के बारे में इतना खराब बोल सकता है...इससे ज्यादा खराब मानसिकता और क्या हो सकती है। इतना ही नहीं, उन्होंने कहा कि मैं मर जाऊंगा लेकिन अपनी जन्मभूमिक के बारे में कुछ गलत नहीं बोलूंगा। उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए असम सीएम शर्मा ने कहा कि उन्होंने (अरविंद केजरीवाल) कहा था कि जब तक यमुना नदी का पानी साफ नहीं होगा तब तक वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। लेकिन क्या आज यमुना नदी में डुबकी



लगाना संभव है? क्या यमुना का पानी पिया जा सकता है? कहा कि अब वह यमुना का नाम नहीं लेते हैं...अब उन्होंने नई कहानी शुरू कर दी है कि हरियाणा की सरकार ने दिल्ली के पानी को जहरीला करने का काम किया है...केजरीवाल का जन्म हरियाणा में हुआ है जो अपने जन्मभूमि के बारे में इतना खराब बोल सकता है..इससे ज्यादा खराब मानसिकता और क्या हो सकती है। इतना ही नहीं, असम सीएम ने केजरीवाल को नदी में डुबकी लगाने की चुनौती दी। उन्होंने कहा कि उन्होंने यमुना नदी की सफाई के लिए जवाबदेही से बचने के लिए एक *नई कहानी* गढ़ी है। उत्तम नगर में जनसभा को संबोधित -शेष पृष्ठ दो पर

## महाकुंभ : 72 घंटे से जाम में फंसे यात्री आठ घंटे से एक इंच भी नहीं हिली गाड़ियां



**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के कारण सड़कों पर जबरदस्त जाम की स्थिति बनी हुई है। बिहार के कैमूर जिले में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-19 पर भी वाहनों की लंबी कतारें लग गई हैं, जिससे यात्री और वाहन चालक भारी परेशानी झेल रहे हैं। खासकर कुदरा के पास दोनों लेन पूरी तरह से जाम हो गई हैं, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। इस भारी जाम के चलते एम्बुलेंस और आपातकालीन सेवाओं का संचालन भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय पुलिस प्रशासन जाम को नियंत्रित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और वाहनों को रेगुलेट करने का -शेष पृष्ठ दो पर

*चुनावी रैली में दिल्ली सरकार पर बरसे पीएम मोदी, कहा-*

## 5 फरवरी को आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी

**नई दिल्ली।** आगामी दिल्ली चुनावों के लिए अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पार्टी की जीत के लिए विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि 5 फरवरी को आम आदमी पार्टी जाएगी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) आएगी। उन्होंने कहा कि पूरी दिल्ली कह रही है, 5 फरवरी को आप-दा जाएगी, भाजपा (भाजपा) आएगी। घोंडा विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आप पर निशाना साधते हुए कहा कि क्षेत्र के निवासी एक ऐसी सरकार चाहते हैं जो उन्हें टैंकर माफियाओं से मुक्ति दिलाए दिल्ली के लोगों को नल से पानी मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि यहां का दृश्य



दिल्ली के मूड को दर्शाता है, यह दिल्ली के लोगों के जनादेश को दर्शाता है। दिल्ली कह रही है कि अब *आप-दा* के बहाने, झूठे वादे, लूट, झूठ नहीं चलेंगे। यहां के लोग डबल इंजन की सरकार चाहते हैं जो गरीबों के विकास और कल्याण पर काम करे। दिल्ली ऐसी सरकार चाहती है जो गरीबों के लिए घर बनाए, दिल्ली को आधुनिक राज्य बनाए। दिल्ली ऐसी सरकार चाहती है जो सभी घरों में नल का पानी पहुंचाए और टैंकर माफियाओं से मुक्ति दिलाए। आज पूरी दिल्ली कह रही है, 5 फरवरी को आप-दा जाएगी, भाजपा आएगी। प्रधानमंत्री ने भाजपा की दिल्ली इकाई की उनके घोषणापत्र के लिए सराहना की, जिसमें दिल्ली की महिलाओं, युवाओं, -शेष पृष्ठ दो पर

## सऊदी अरब में भीषण हादसे में नौ भारतीयों समेत 15 लोगों की मौत



**रियाध।** सऊदी अरब के पश्चिमी क्षेत्र में स्थित जेद्दा के पास एक भीषण सड़क हादसे में 9 भारतीय नागरिकों समेत कुल 15 लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में नेपाल और घाना के तीन-तीन नागरिक भी मारे गए। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने बुधवार को इस घटना की पुष्टि की और कहा कि वह पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। भारतीय समुदाय के अनुसार, -शेष पृष्ठ दो पर

## बजट सत्र में पास हो जाएगा वक्फ कानून संशोधन बिल! जेपीसी की रिपोर्ट बहुमत से स्वीकार



**नई दिल्ली।** वक्फ कानूनों में संशोधनों से संबंधित विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को 11 मतों की तुलना में 15 मतों के बहुमत से स्वीकार कर लिया गया। माना जा रहा है कि जेपीसी लोकसभा सचिवालय को गुरुवार को अपनी रिपोर्ट सौंप देगी और आगामी बजट सत्र में इसे दोनों सदनों में पेश किया जाएगा। सरकार बजट सत्र के दूसरे चरण के दौरान जेपीसी द्वारा सुझाए गए 15 संशोधनों के साथ विधेयक को पास कराने की कोशिश करेगी। जेपीसी की फाइनल रिपोर्ट में विधेयक में सत्तापक्ष के सदस्यों द्वारा सुझाए गए 15 संशोधनों को जगह मिली है। इसके पहले विपक्ष द्वारा सुझाए संशोधन को बहुमत से खारिज किए जा चुके हैं। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को मुसलमानों के धार्मिक मामलों में दखल करार देते हुए इसके खिलाफ अपनी राय दर्ज कराई। सूत्रों के अनुसार विधेयक में किए गए 15 संशोधनों में से चार अहम हैं। इनमें सबसे बड़ा वक्फ संपत्ति के निर्धारण में कलक्टर की भूमिका को -शेष पृष्ठ दो पर

## अब पुरुष भी पैदा कर सकेंगे बच्चे, सफल रहा प्रयोग



**नई दिल्ली।** विज्ञानियों को दो नर चूहों से स्वस्थ संतान पैदा करने में कामयाबी मिली है। जेनेटिक इंजीनियरिंग के जरिये पैदा किए गए ये चूहे बड़े हो गए हैं। इस उपलब्धि से लुप्तप्राय प्रजातियों को विलुप्त होने को रोकने की उम्मीद जगी है। बीमारी या अन्य कारकों से क्षतिग्रस्त ऊतकों या अंगों को बदलना भी संभव हो सकता है। यह सफलता समलैंगिक पुरुषों के लिए संतान पैदा करने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। चीन के शोधकर्ताओं का कहना है कि केवल दो नर चूहे के जेनेटिक मेटेरियल का उपयोग करके चूहों को पैदा किया है। इसके लिए मादा चूहे का उपयोग नहीं किया गया। इसके लिए *भ्रूण स्टेम सेल इंजीनियरिंग* तकनीक का -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस की विफलता से बिखरा इंडिया गठबंधन : ममता




**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन की विफलता के बाद उसके अस्तित्व को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। सहयोगी पाटियां तृणमूल कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी, एनसीपी ने कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाए थे। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कांग्रेस पर सीधा सवाल उठाते हुए नेतृत्व को चुनौती दी थी और कहा था कि यदि उन्हें अवसर दिया गया तो वह इंडिया गठबंधन को नेतृत्व करने को तैयार हैं। अब एक बार फिर ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को लेकर सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ने इस वर्ष पुस्तक मेले में एक नई पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने बांग्ला में लिखे पुस्तक *बांग्लार निर्वाचन औ आमरा* (बंगाल चुनाव -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

*बांग्लादेश का सीमा सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान, कहा-*

# भारत के साथ *अनुचित संधियों* पर करेंगे चर्चा

**ढाका।** बांग्लादेश के अंतरिम सरकार में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहांगीर आलम चौधरी ने बुधवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के कार्यकाल में भारत के साथ हुई *असमान संधियों* पर आगामी बैठक में चर्चा की जाएगी। यह बयान उन्होंने ढाका में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान दिया, जो भारत-बांग्लादेश सीमा सुरक्षा सम्मेलन से संबंधित था। चौधरी ने कहा कि भारत के नागरिक बांग्लादेश की सीमा के पास मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं। वे फेंसिडिल नामक मादक पदार्थ बनाते हैं और उसे बांग्लादेश में तस्करी करते हैं। हालांकि इसे दवा बताया जाता है, लेकिन यह दरअसल मादक पदार्थ है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया



कि सीमा पर 150 गज के भीतर किसी भी गतिविधि के लिए दोनों देशों की आपसी सहमति अनिवार्य है और किसी भी पक्ष के लिए एकतरफा कार्रवाई की कोई संभावना नहीं होनी चाहिए। चौधरी ने इस मुद्दे को और विस्तार से बताते हुए कहा कि भविष्य में इस तरह की संधियों को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर किसी विकास परियोजना के तहत मस्जिद या मंदिर का निर्माण करना हो, तो दोनों देशों की सहमति जरूरी होगी। इसके अलावा, उन्होंने सीमा पर बांग्लादेशी नागरिकों पर कथित गोलीबारी और भारत के सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) या भारतीय नागरिकों द्वारा बांग्लादेशी नागरिकों के अपहरण या गिरफ्तारी जैसे मामलों पर भी चर्चा करने की बात की। चौधरी ने कहा कि सीमा उल्लंघन, अवैध प्रवेश और घुसपैठ को रोकने के उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, भारत से बांग्लादेश में अवैध मादक पदार्थों, हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की तस्करी पर रोक लगाने की प्राथमिकता दी जाएगी। अंत में, उन्होंने नदियों के पानी के न्यायसंगत बंटवारे, जल समझौतों के कार्यान्वयन, और रहीमपुर नहर के मुहाने को फिर से खोलने जैसे मुद्दों पर भी आगामी सम्मेलन में चर्चा करने की बात की।

## कामरूप के मिलपुर में लगी भयावह आग

**कामरूप ( हिंस )।** कामरूप जिले के पसोरिया मिलपुर में बुधवार को एक भयावह आग की घटना के चलते अफरा-तफरी मच गयी। हादसे के दौरान स्थानीय निवासी अनिल कलिता के घर में चार सिलेंडरों में विस्फोट हो गया, जिससे आग तेजी से फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सिलेंडर विस्फोट को लेकर पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई। आग में परिवार का मकान, नकदी, कीमती सामान और कई दस्तावेज जलकर राख हो गए। हालांकि, आग लगने का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं हुआ है, लेकिन परिवार ने शॉर्ट सर्किट को इसकी वजह बताया है। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

## मोरान में हस्तनिर्मित पिस्तौल बरामद

**डिब्रूगढ़ ( हिंस )।** डिब्रूगढ़ जिलांतर्गत मोरान के रानीपथ में आज सुबह गोली से भरी हुई एक हस्तनिर्मित पिस्तौल बरामद हुई। जिसके चलते इलाके में सनसनी फैल गयी। पिस्तौल स्थानीय व्यवसायी मधुकर मारोदिया के आवास से कुछ दूरी पर सड़क के किनारे गोली से भरी पिस्तौल बरामद की गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीती रात व्यवसायी मधुकर के घर में छह सदस्यीय अपराधियों का एक दल प्रवेश किया था। अपराधियों के साथ व्यवसायी की हाथापायी भी हुई थी। इस दौरान परिजनों ने एक अपराधी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था।

## नशीला कैपसूल समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**दक्षिण सालमारा ( हिंस )।** दक्षिण सालमारा मानकाचर जिले के कालापानी पुलिस चौकी की टीम ने भारी मात्रा में नशीला टैबलेट समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि कालापानी पुलिस चौकी क्षेत्र के डूराकाटा इलाके में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रताप दास के नेतृत्व में चलाए गए एक अभियान के दौरान 920 नशीला कैपसूल, दो मोबाइल फोन नगद 5,200 रुपए समेत एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान अली बाबू के रूप में की गई है।

## झूमर नृत्य से विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास

**धेमाजी ( हिंस )।** असम सरकार झूमर नृत्य के माध्यम से विश्व रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रही है। गोगामुख के बादुलोका में चार दिवसीय झूमर नृत्य कार्यशाला का उद्घाटन शिक्षा मंत्री डॉ. राणोज पेगू ने किया। आगामी 20 फरवरी को गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में लगभग 8,000 कलाकार झूमर नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाने का प्रयास करेंगे। धेमाजी (जनजातीय) निर्वाचन क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने वाले नृत्य दलों के लिए आज गोगामुख के लोटाक गांव पंचायत के बादुलोका खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया गया। असम सरकार के सांस्कृतिक निदेशालय के तत्वावधान में *झूमर बिनंदिनी-2025* कार्यक्रम के तहत 28 से 31 जनवरी तक चार दिवसीय मेगा नृत्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें जोनाई, सिलापथार, माछखोवा, धेमाजी और गोगामुख के बोरदोई चाय बागान सहित विभिन्न गांवों के नृत्य कलाकारों ने भाग लिया।

## सोनारी में सड़क दुर्घटना मैं बाइक सवार की मौत

**चराईदेव ( हिंस )।** सोनारी के अभयपुर में बुधवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान फॉरेस्ट गेट निवासी ब्रजन बोरा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ब्रजन बाजार से घर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार टैंकर (एनएल 01 एल 3848) ने उनकी बाइक (एएस 06 जेड 9802) को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मृतक के सिर टुकड़े-टुकड़े होकर सड़क पर बिखर गया। पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू की है।

## पूसीरे ने ऑडियो-विजुअल सेक्शनल रोड शिक्षण प्रशिक्षण किया आरंभ

**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (पूसीरे) ने अपने सभी पांच मंडलों में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल रोड लर्निंग (एलआर) प्रशिक्षण लागू किया है। यह जोन के अधीन ट्रेन परिचालन में परिचालनिक दक्षता और संरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक अन्य महत्वपूर्ण कदम है। इस नवीनतम पहल का उद्देश्य लोको पायलट (एलपी) और सहायक लोको पायलट (एएलपी) को एक उन्नत शिक्षण संसाधन प्रदान करना है, ताकि उनलोगों को निर्दिष्ट मार्गों, स्टेशन लेआउट्स, सिग्नलिंग सिस्टम और सेफ्टी प्रोटोकॉल की वास्तविक और गहन समझ से अवगत कराया जा सके। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने आज एक बयान में बताया है कि पूसीरे के प्रधान मुख्य बिजली इंजीनियर संदीप कुमार के नेतृत्व में ऑडियो-विजुअल सेक्शनल एलआर वीडियो विकसित किया गया है। इस उपकरण की परिकल्पना रेलवे ट्रैक, स्टेशन लेआउट, सिग्नल प्लेसमेंट, ग्रेडिएंट्स, कर्व्स और ब्रिज के वास्तविक समय के फुटेज प्रस्तुत करके सैद्धांतिक जानकारी और व्यावहारिक अनुभव के बीच की खाई को पाटने के लिए किया गया है। इंजन पर लगे इन-हाउस कैमरों के उपयोग से कैप्चर किए गए ये वीडियो, लोको पायलटों को ट्रेन परिचालन से पहले अपने संबंधित मार्गों की जटिलताओं से परिचित कराने में सक्षम बनाते हैं। निर्दिष्ट यात्राओं के सीमित समय के भीतर बड़े स्टेशनों, गुड्स और पैसेंजर यार्डों को नेविगेट करने में लोको पायलटों को कई चुनौतियों सामना करना पड़ता है। इसे स्वीकार करते हुए, पूसीरे ने सेक्शनल शिक्षण के लिए एक कुशल और संरचित दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए इस प्रणाली को विकसित किया है। यह वीडियो नियमित रूप से क्रू लॉबी में प्रसारित किए जाते हैं, जिससे व्यापक पहुंच और निरंतर शिक्षण सुनिश्चित किया जाता है। उपरोक्त कदम प्रशिक्षण पद्धतियों के आधुनिकीकरण और अपने कार्यबल को उन्नत रेलवे संचालन के लिए अत्याधुनिक उपकरणों से लैस करने की दिशा में पूसीरे की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह पहल लोको पायलटों को बेहतर तैयारी, बेहतर मार्ग परिचित और बढ़ी हुई संरक्षा जागरूकता के साथ सशक्त बनाने के लिए रेलवे के चल रहे प्रयासों को दर्शाती है, जो अंततः पूसीरे के नेटवर्क में ट्रेनों के सुचारू और सुरक्षित परिचालन में योगदान देती है।

# *पृष्ठ एक का शेष*

### *महाकुंभ : संगम में ...*

मौत हो गई है। भगदड़ हादसे के बाद सभी तीर्थयात्रियों से विनम्र आग्रह किया जा रहा है कि संगम की ओर आने की कोशिश ना करें। अन्य घाटों पर स्नान करें और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। महाकुंभ क्षेत्र में लगे सैकड़ों माइक पर यही आवाज गूंज रही है, जो भगदड़ की दिल दहलाने वाली तस्वीर की गवाही भी है। अभी हालात काबू में बताये जाते हैं। महाकुंभ नगर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और संयम बरतने की अपील की है। यह भी बार-बार माइक से अनाउंस किया जा रहा है कि श्रद्धालु अपने बच्चों को कंधे पर बैठा कर चलें, किसी को धक्का न मारें। धीरे-धीरे बढ़ें। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को प्रयागराज महाकुंभ हादसे पर शोक व्यक्त किया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात की है। उन्होंने कहा कि इस त्रासदी में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना अत्यंत दुखद है। मैं हताहत हुए श्रद्धालुओं के परिवारजनों के प्रति शोक-संवेदना व्यक्त करती हूं और ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि घायल हुए सभी श्रद्धालु शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रयागराज महाकुंभ में हुआ हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन श्रद्धालुओं ने अपने परिजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हरसंभव मदद में जुटा हुआ है। इस सिलसिले में मैंने मुख्यमंत्री योगी जी से बातचीत की है और मैं लगातार राज्य सरकार के संपर्क में हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ के दौरान हुए हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा, कुछ लोगों की असमय मृत्यु और कई लोगों के घायल होने का समाचार हृदयविदारक है। वहीं कांग्रेस नेता खड़गे ने एक्स पोस्ट में श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। उन्होंने कहा कि अभी कई महत्वपूर्ण स्नान शेष हैं। इसके लिए व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, जिससे ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से पीड़ितों की हर संभव मदद का आह्वान किया है। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के अलावा पवन खेड़ा ने हादसे के लिए सरकार पर तंज करते हुए कहा कि यह बेहद दुखदाई घटना है। मेला क्षेत्र में वीवीआईपी मूवमेंट बंद होना चाहिए। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई है। उधर प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को मौनी अमावस्या स्नान पर ज्यादा भीड़ होने से भगदड़ मच गई है। इसमें कई लोगों के मरने की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने इस भगदड़ में मृतकों की संख्या 30 बताई वहीं 60 लोग घायल हो गए। इस बीच सामने आया है कि मौनी अमावस्या के मौके पर हुई भगदड़ में मरने वालों में कर्नाटक के बेलगावी की एक महिला और उसकी बेटी सहित चार लोग शामिल थे। डीआइजी महाकुंभ वैभव कृष्ण ने बताया कि मरने वाले 30 में से 25 श्रद्धालुओं की पहचान हो चुकी है और बाकी की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। इनमें कर्नाटक के 4, असम के 1, गुजरात के 1 लोग शामिल हैं। फिलहाल श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 36 लोगों का इलाज किया जा रहा है। हादसे को लेकर अधिकारियों ने बताया कि वहां कोई वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं था। घायलों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 1920 जारी की गई है। बेलगावी उत्तर से कांग्रेस विधायक आसिफ सैत ने भी दुखद घटना की सूचना मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने भी कहा कि महाकुंभ में हुए हादसे में बेलगावी शहर के चार लोगों की जान चली गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमें जानकारी मिली है कि भगदड़ में बेलगावी शहर के चार लोगों की मौत हो गई है। हम उनके परिजनों के साथ हैं। साथ ही आसिफ सैत ने राज्य सरकार से मृतकों के परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने की अपील भी की। विधायक ने यह भी बताया है कि बेलगावी के उपायुक्त मोहम्मद रोशन ने विशेष उपायुक्त को प्रयागराज जाकर शवों को वापस लाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। महाकुंभ में जिन लोगों की मौत होने की बात कही जा रही है उनमें वडागांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता ज्योति हट्टारवाड़ (50) और उनकी बेटी मेघा हट्टारवाड़ (16) की मौत हो गई है। इसके अलावा, अन्य दो लोगों में बेलगावी की महादेवी भवनूर और अरुण भी शामिल हैं। ज्योति हट्टारवाड़ के परिजनों ने बताया कि मां-बेटी की जोड़ी 26 जनवरी को एक निजी ट्रैवल एजेंसी के माध्यम से बस से प्रयागराज गई थी। उनके साथ 13 सदस्यीय यात्रा समूह का हिस्सा थी। ज्योति के भाई गुरुराज ने कहा कि घायल होने के बाद, वे आज सुबह प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। तमाम कोशिशों के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, ज्योति के पति ने कहा कि तीर्थयात्रियों के समूह में शामिल चिदंबर पाटिल नाम के एक व्यक्ति ने उन्हें सूचित किया कि भगदड़ में उनकी पत्नी और बेटी की जान चली गई।

### *सीएम योगी ने ...*

बैरिकेडिंग तोड़ दी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि घटना दिल दहला देने वाली है। हम उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया। हम कल रात से लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं। मेला प्राधिकरण, पुलिस, प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और अन्य जो भी व्यवस्थाएं की जा सकती थीं, उन्हें वहां तैनात कर दिया गया है।

### *भगदड़ में 63 ...*

परिवार के साथ प्रयागराज में स्नान करने गए थे। परिवार प्रयागराज के मधवापुर इलाके में रुका था। नीतिरंजन की पत्नी गायत्री ने पुलिस को बताया कि श्रद्धालुओं की अधिक संख्या के कारण परिवार जल्दी घाट पर पहुंच गया था और करीब 2.30 बजे भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि सदस्य मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन मौके पर कोई पुलिस नहीं थी। घंटों की तलाश के बाद, उन्होंने नीतिरंजन को ढूंढ निकाला और उसे अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डोले ने कहा कि हमें उत्तर प्रदेश पुलिस से नीतिरंजन की मौत की पुष्टि मिली है। शव बुधवार या गुरुवार को सिलचर पहुंच सकता है और इसे सिलचर के कुंभीरग्राम हवाई अड्डे से सड़क मार्ग से हैलाकांदी लाया जाएगा।

### *असम के निवर्तमान ...*

हो गईं। जीपी सिंह की पत्नी डॉ. अनामिका सिंह ने कहा कि सबसे पहले हम मां कामाख्या के आभारी हैं। हम यहां मां कामाख्या के पास रहे। हम असम के लोगों और असम पुलिस को उनके प्यार के लिए धन्यवाद् देते हैं। जीपी सिंह की बेटी ऐश्वर्या सिंह ने कहा कि आज हमारे लिए एक भावनात्मक दिन है। हर समय, अच्छे और बुरे में असम ने हमें बहुत कुछ दिया है। असम के लोग बहुत दयालु और प्यार करने वाले हैं।

### *मर जाऊंगा लेकिन ...*

करते हुए शर्मा ने कहा कि प्रदूषित यमुना नदी के मुद्दे को भटकाने के लिए अरविंद केजरीवाल ने एक नई कहानी शुरू की है। कहा कि हरियाणा सरकार दिल्ली को *जहरीला* पानी सप्लाई कर रही है। अगर वे अपने जन्मस्थान के बारे में इस तरह से बुरा-भला कह सकते हैं, तो हमारे लिए उनका क्या महत्व है? मैं मर जाऊंगा, लेकिन अपने जन्मस्थान के बारे में कभी गलत नहीं बोलूंगा। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने भी केजरीवाल की *जहरीले पानी* वाली टिप्पणी की निंदा की। मोदी ने उन पर चुनाव हारने के डर से *घृणित आरोप* लगाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा और दिल्ली के लोग इन हरकतों को माफ नहीं करेंगे। तो वहीं, ईसीआई ने केजरीवाल से उनके इस दावे के समर्थन में सबूत मांगे हैं कि हरियाणा ने यमुना नदी में जहर डाला है। आयोग ने 29 जनवरी को रात 8:00 बजे तक समय दिया है।

### *महाकुंभ : 72 घंटे से ...*

प्रयास किया जा रहा है। लेकिन, दोनों ओर से गाड़ियों के दबाव के कारण स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। कई यात्री 72 घंटे से भी ज्यादा समय से जाम में फंसे हैं, जबकि कुछ लोगों की गाड़ियां 8 घंटे से एक इंच भी नहीं हिली हैं। मुर्शिदाबाद से प्रयागराज कुंभ मेले की यात्रा कर रहे बस चालक छोटू कुमार ने बताया कि 12 घंटे में महज 50 किलोमीटर का सफर तय कर पाए हैं। दोनों लेन पूरी तरह से ठप हो चुकी हैं, जिससे लोगों को आगे बढ़ना मुश्किल हो रहा है। आसनसोल से चंदौली जा रही अनीता शुक्ला ने कहा कि वह तीन दिन से जाम में फंसी हुई हैं। उनकी गाड़ी पिछले 8 घंटे से एक इंच भी नहीं हिली है, जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कोलकाता से दिल्ली जा रहे एक ट्रक चालक ने बताया कि अगर जाम न होता तो वह अब तक दिल्ली पहुंच चुके होते। लेकिन तीन दिनों से हाईवे पर फंसे रहने के कारण उनका काम पूरी तरह से ठप हो गया है। कुदरा थाना के पुलिस अधिकारी ललन कुमार ने कहा कि कुंभ मेले के कारण ट्रैफिक दबाव बढ़ गया है और पुलिस एक लेन को खाली कराने में जुटी हुई है। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि जल्द से जल्द जाम को खत्म किया जा सके।

### *5 फरवरी को आप-दा ...*

मध्यम वर्ग, ऑटो चालकों, दुकानदारों, झुग्गीवासियों सहित सभी के लिए कल्याणकारी योजनाओं का वादा किया गया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल्ली भाजपा को बधाई देता हूं। उन्होंने एक जबरदस्त संकल्प पत्र पेश किया है। इसमें दिल्ली की महिलाओं, युवाओं, मध्यम वर्ग, ऑटो चालकों, दुकानदारों, झुग्गीवासियों के लिए योजनाओं का वादा किया गया है। 8 फरवरी के बाद जो भी भाजपा की सरकार बनेगी, वह अपने सभी वादों को एक निश्चित समय-सीमा में पूरा करेगी। यह मोदी की गारंटी है। दिल्ली की स्थिति पर विचार करते हुए पीएम मोदी ने आप पर निशाना साधते हुए कहा कि देश के करोड़ों नागरिक विकसित भारत के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन दिल्ली देश की विकसित राजधानी नहीं लगती है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के करोड़ों नागरिक विकसित भारत के संकल्प के लिए काम कर रहे हैं। जरूरत है कि विकसित भारत की राजधानी विकसित शहर का मॉडल बने। दिल्ली की दुर्दशा देखकर क्या आप कह सकते हैं कि क्या दिल्ली आधुनिक राज्य की राजधानी है? क्या यह राजधानी जैसी दिखती है? मुझे कोई जवाब देने की जरूरत नहीं है। दिल्ली के करोड़ों नागरिक हमेशा अपनी समस्याओं के बारे में बोलते हैं। दिल्लीवासियों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए पीएम मोदी ने उनके कल्याण और विकास के लिए काम करने का मौका मांगा और कहा कि एक बार कमल को भी देख लीजिए। अपनी रैली में उन्होंने आप और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दोनों पार्टियों ने क्रमशः 14 साल और 11 साल शासन किया, लेकिन यहां कुछ नहीं बदला। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 21वीं सदी है जिसके 25 साल बीत चुके हैं। शुरुआती 14 साल कांग्रेस ने शासन किया, फिर 11 साल आपने आप-दा को दिए, लेकिन दिल्ली की समस्याएं अभी भी कायम हैं। उन्होंने दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। किसी ने 14 साल शासन किया तो किसी ने 11 साल, फिर भी ट्रैफिक, खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, सीवेज, प्रदूषण, गंदा पानी वैसा ही रहा। कुछ नहीं बदला। आपका एक वोट दिल्ली की स्थिति बदल सकता है। हमें 11 साल के सभी काम पूरे करने हैं और आने वाले 25-30 साल के लिए काम करना है। इसलिए मैं दिल्ली वालों से अपील करता हूं कि मोदी को दिल्ली के लिए काम करने का मौका दें। मैं देश के लिए काम कर पाया हूं, लेकिन दिल्ली के लिए नहीं। एक बार कमल को भी देख लीजिए। जिस तरह परिवार का मुखिया अपने परिवार का ख्याल रखता है, मैं भी दिल्ली के लिए वैसा ही करूंगा। आपके सपने मेरे सपने होंगे और मैं आपके लिए अपना सब कुछ समर्पित करूंगा। भाजपा के पास काम करने का ट्रैक रिकॉर्ड है। इस चुनाव में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगभग 27 वर्षों के बाद राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रही है। दिल्ली में लगातार 15 वर्षों तक सत्ता में रही कांग्रेस को पिछले दो विधानसभा चुनावों में झटका लगा है और वह कोई भी सीट जीतने में विफल रही है। इसके विपरीत, आप ने 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में क्रमशः 67 और 62 सीटें जीतकर कुल 70 सीटों पर कब्जा किया, जबकि भाजपा को इन चुनावों में केवल तीन और आठ सीटें मिलीं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को एक ही चरण में होंगे, वोटों की गिनती 8 फरवरी को होगी। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए कुल 699 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

### *सऊदी अरब में ...*

ये मजदूर दक्षिणी बंदरगाह शहर जीजान में अपने कार्यस्थल पर जाने के लिए बस में सवार थे। इसी दौरान उनकी बस एक ट्रेलर से टकरा गई। हादसे के समय बस में कुल 26 मजदूर सवार थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि मौके पर ही 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि अन्य घायल हो गए। मृतकों में एक भारतीय तेलंगाना राज्य का निवासी था। उसकी पहचान कपेली रमेश (32), निवासी मेटपाली मंडल, जगतियाल जिला के रूप में हुई है। इस दुखद घटना के बाद तेलंगाना में उनके परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर हादसे पर दुख जताते हुए कहा कि हम जेद्दा के पास हुए सड़क हादसे में 9 भारतीय नागरिकों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। जेद्दा में भारत का महावाणिज्य दूतावास स्थानीय अधिकारियों और पीड़ित परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी इस हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि जेद्दा में हुए इस दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मैंने जेद्दा में हमारे महावाणिज्य दूत से बात की है, जो प्रभावित परिवारों के संपर्क में हैं और उन्हें हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। भारतीय मिशन ने इस दुर्घटना से प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन जारी की है। सरकार घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना कर रही है और मृतकों के शवों को उनके परिजनों तक पहुंचाने की व्यवस्था कर रही है।

### *बजट सत्र में पास हो ...*

सीमित करना है। ध्यान देने की बात है कि अगस्त में विधेयक के पेश किए जाते समय विपक्ष की ओर से कलक्टर को अत्यधिक अधिकार दिए जाने पर सवाल उठाए गए थे। जेपीसी की रिपोर्ट में कलक्टर की जगह कमीश्नर या सचिव जैसे वरिष्ठ अधिकारी को रखने का प्रस्ताव किया गया है, जिसकी नियुक्ति राज्य सरकार करेगी। इसके साथ ही जेपीसी ने वक्फ कानून को पूर्व की तारीख से नहीं लागू करने को अपनी रिपोर्ट में शामिल किया है। इसमें शर्त सिर्फ इतनी है कि जमीन सरकारी नहीं हो या फिर उस पर पहले से विवाद नहीं चल रहा हो। वहीं रिपोर्ट में मुस्लिम समाज से जुड़े पंजीकृत बड़े ट्रस्ट को भी वक्फ कानून से बाहर रखा गया है और वक्फ बोर्ड में मुस्लिम विद्वान को जगह दी गई है। अगस्त में मानसून सत्र के दौरान पेश किए जाने के समय से ही विपक्ष वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध करता रहा है। जेपीसी की बैठक के दौरान भी यह देखने को मिला। यहां तक कि तृणमूल कांग्रेस सांसद कल्याण बनर्जी पर बैठक के दौरान पानी की बोतल तोड़ने और खुद को घायल करने के साथ ही अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने उनपर गाली देने तक आरोप लगाया। जेपीसी की रिपोर्ट स्वीकार किए जाने बाद भी विपक्ष का विरोध जारी है। विपक्षी सदस्यों ने वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों के शामिल किए जाने को संविधान के अनुच्छेद 26 में मुस्लिमों को मिली धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करार दिया है। वहीं सत्तापक्ष के सदस्यों ने विपक्षी सदस्यों द्वारा प्रस्तावित संशोधनों को खारिज किए जाने का सही ठहराते हुए वक्फ संशोधन कानून के मूल भावना को खत्म करने और 1995 के मूल वक्फ कानूनों को बचाने की कोशिश बताया। वक्फ संशोधन विधेयक को पास कराने के लिए सरकार को दोनों सदनों साधारण बहुमत की जरूरत पड़ेगी। विधेयक पर राजग के सहयोगी दल शुरूआत से ही जिस तरह से एकजुट हैं, उससे इसे दोनों सदनों में पास कराने में सरकार को कोई समस्या नहीं आएगी।

### *अब पुरुष भी पैदा ...*

उपयोग किया गया। इस तकनीक के जरिये वैज्ञानिकों ने एक चूहे के स्पर्म से अंडे बनाए, जिन्हें दूसरे चूहे के स्पर्म से निषेचित किया गया। स्टेम सेल तकनीक नई नहीं है, लेकिन पिछले सभी प्रयासों में पूरी सफलता नहीं मिल सकी थी। स्टेम कोशिकाएं विशेष कोशिकाएं होती हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की कोशिकाएं विकसित करने की क्षमता होती है। भ्रूण में मौजूद भ्रूण स्टेम कोशिकाएं, भ्रूण के सभी प्रकार की कोशिकाओं में विकसित होने की क्षमता रखती हैं। यह शोध सेल स्टेम सेल जर्नल में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने 20 जीन को एडिट किया। इसके लिए क्लोनिंग तकनीक का उपयोग किया गया। नर जीन के दो सेटों का उपयोग करके प्रजनन किए गए चूहे या तो विकसित नहीं हुए या गंभीर विकृति के साथ पैदा हुए और मर गए। हालांकि, चूहों की स्टेम कोशिकाओं में 20 अलग-अलग जीनों को एडिट करने के बाद शोधकर्ताओं को स्वस्थ चूहे पैदा करने में सफलता मिली। शोधकर्ताओं ने 1,081 भ्रूण बनाए। उनमें से कुल 84 नर और 50 मादा चूहों का जन्म हुआ। इनमें से आधे से अधिक बड़े होने से पहले ही मर गए।

### *कांग्रेस की विफलता ...*

और हम) में कांग्रेस पर एक के बाद एक हमले किए। उन्होंने लिखा कि गठबंधन की विफलता के पीछे अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्य दोषियों में से एक थी। उन्होंने कांग्रेस को सभी क्षेत्रों में भारतीय गठबंधन की विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया है, चाहे वह विधानसभा हो या लोकसभा। मुख्यमंत्री ने लिखा कि कांग्रेस ने जो सीटें जीती हैं, वे भी उसके सहयोगियों बदौलत जीती है। कांग्रेस की विफलता के कारण इंडिया गठबंधन बिखर गया है भले ही कांग्रेस को चेयरमैन बना दिया गया हो, लेकिन कांग्रेस ने किसी भी चुनाव में एक भी न्यूनतम कार्यक्रम नहीं लिया। सिर्फ राष्ट्रीय राजनीति ही नहीं, मुख्यमंत्री बंगाल चुनाव में कांग्रेस की भूमिका से भी नाखुश हैं। अपनी पुस्तक में उन्होंने कांग्रेस का मजाक उड़ाते हुए उसे *राम-वाम-श्याम* गठबंधन बताया। बंगाल ने भाजपा के खिलाफ भी यही तोप चलाई। अपनी पुस्तक में उन्होंने दावा किया है कि भाजपा ने बंगाल से जो कुछ सीटें जीतीं, उनमें भी धांधली हुई थी। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री ने ऐसी टिप्पणी की हो। उन्होंने पहले भी गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के खिलाफ आवाज उठाई थी। राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस से हाथ मिलाने के बावजूद तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस का सार्वजनिक रूप से आलोचना करना बंद नहीं किया है। उनका स्पष्ट दावा है कि कांग्रेस राष्ट्रीय या क्षेत्रीय राजनीति में विपक्षी दल के रूप में अपना अस्तित्व खो चुकी है। यहां तक कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दावा है कि पिछले साल कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में भारतीय गठबंधन के खराब प्रदर्शन का एक कारण कांग्रेस ही है। संसद के शीतकालीन सत्र के बाद से तृणमूल कांग्रेस ने कांग्रेस से दूरी बनाई रखी और कांग्रेस के अलग संसद में आवाज उठाई। अब इंडिया गठबंधन में पैदा हुई दरारें जनता के सामने स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी इंडिया गठबंधन की दरार सामने आ गई है। इंडिया गठबंधन की सहयोगी पार्टियों ने कांग्रेस के बजाय आप को समर्थन देने का ऐलान किया है। कांग्रेस चुनाव में अलग-थलग पड़ गयी है। तृणमूल कांग्रेस ने भी आप को समर्थन देने का ऐलान किया है। अब कांग्रेस ने भी चुनाव के दौरान आप के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इंडिया गंठबंधन की दो सहयोगी पार्टियां दिल्ली चुनाव में एक-दूसरे के आमने-सामने हैं। हालांकि, बंगाल कांग्रेस नेता सौम्या आइच रॉय मुख्यमंत्री की किताब में लिखी ऐसी टिप्पणियों के लिए तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच बने गठबंधन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। उनके शब्दों में कि इंडिया गठबंधन में बने रहने के लिए किसी तरह की कोशिश नहीं की है। वास्तव में, वह भाजपा को खुश करने के लिए ऐसा कह रही हैं।

### *भारत-म्यांमार सीमा ...*

भारत-म्यांमार सीमा के पास सुरक्षाबलों और मणिपुर के विद्रोहियों व केएनए-बी सदस्यों के बीच जबरदस्त गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में क्षेत्र के सक्रिय केएनए-बी के 10 से ज्यादा उग्रवादी मारे गए हैं। हताहतों की सही संख्या अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन रिपोर्टों के मुताबिक 10 से ज्यादा उग्रवादी मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं।

### *पीएम ने इसरो को ...*

कि राष्ट्र अंतरिक्ष अन्वेषण में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना जारी रखेगा। प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि ऐतिहासिक 100वें प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई। यह अविश्वसनीय मील का पत्थर हमारे वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की दूरदर्शिता, समर्पण और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। निजी क्षेत्र के साथ मिलकर भारत की अंतरिक्ष यात्रा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करना जारी रखेगी। उल्लेखनीय है कि इसरो की स्थापना 1969 में हुई थी। 1993 में पहला लॉन्च पैड स्थापित किया गया। दूसरा लॉन्च पैड 2004 में बना। हालांकि, पिछले 10 वर्षों में भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और निवेश दोनों के मामले में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। 100वां प्रक्षेपण अंतरिक्ष क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है। केंद्र सरकार अब श्रीहरिकोटा में तीसरा लॉन्च पैड बना रही है।

# बाक्सा में महिला और बाल विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित




**बाक्सा ( हिंस )।** असम की वित्त मंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री, अंजता नेओग ने बुधवार को बाक्सा जिले के मुसलपुर स्थित डीसी कांफ्रेंस हॉल में महिला और बाल विकास (डब्ल्यूसीडी) योजनाओं की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विधायक भूपेन बोरो (बरमा), विधायक फणिधर तालुकदार (भबानीपुर), जिला आयुक्त गौतम दास, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी और अन्य प्रमुख हितधारक उपस्थित थे। बैठक के दौरान मंत्री ने बाक्सा जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की, जिनमें सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और मिशन वात्सलय शामिल हैं। मंत्री ने जिला आयुक्त से विकास पहलों को तेजी से लागू करने और योजनाओं के सही तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण और मरम्मत, जिले के पोषण पहल, अनुपूरक पोषण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और पोषण ट्रैकर डेटा अपडेट की समीक्षा भी की। मंत्री ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और निगरानी के महत्व को रेखांकित किया, ताकि जिले में महिला और बच्चों के लिए बेहतर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने आईसीडीएस के तहत जिला स्तरीय समितियों की स्थिति, मानव संसाधन की स्थिति, रिक्तियों और विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए धन के उपयोग पर भी चर्चा की। इस दौरान, वन स्टॉप सेंटर पहल और महिला के लिए राज्य-प्रशासित गृहों की कार्यप्रणाली, साथ ही मिशन वात्सलय के तहत बाल संरक्षण को सुदृढ़ करने के उपायों पर भी चर्चा की गई, जिसमें पर्यवेक्षण गृह और बाल विवाह के खिलाफ कदम उठाए जाने की बातें की गई। मंत्री ने जिले का दौरा करते हुए बाक्सा जिले के बुनबरी आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और शिक्षा व्यवस्था, पोषक भोजन, स्वच्छ जल आपूर्ति, खेल सुविधाओं आदि का जायजा लिया। इसके अलावा, उन्होंने एक नं. कतलिगांव आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र के निर्माण की प्रगति की भी समीक्षा की।

# विवेकानंद केंद्र सांस्कृतिक संस्थान का 28वां स्थापना दिवस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** विवेकानंद केंद्र सांस्कृतिक संस्थान (वीकेआईसी), गुवाहाटी 31 जनवरी को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ऑडिटोरियम (नया) में अपना 28वां स्थापना दिवस मनाएगा। इस अवसर पर प्रोफेसर ननी गोपाल महंत, कुलपति, गौहाटी विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे, जबकि प्रोफेसर दिलीप कुमार चक्रवर्ती, विवेकानंद अंतर्राष्ट्रीय संस्थान, नई दिल्ली के प्रतिष्ठित सदस्य, दक्षिण एशियाई पुरातत्व, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एमेरिटस और प्रमुख इतिहासकार व पुरातत्ववेत्ता, सम्मानित अतिथि होंगे। ओआर शलम, अध्यक्ष, सेइन, आई केतियन वे थोह जयंतिया, कार्यकारी सदस्य, सेइनराज जोवाई, मेघालय, पारंपरिक विश्वास के प्रमोटर और सामुदायिक आयोजक को वीकेआईसी सम्मान 2025 प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाता है, जिन्होंने स्वदेशी विश्वास और संस्कृति की रक्षा में उत्कृष्ट योगदान दिया है। इसके अलावा, तिवा समुदाय द्वारा एक धार्मिक प्रस्तुति भी दी जाएगी। वीकेआईसी विवेकानंद रॉक मेमोरियल और विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी का एक सांस्कृतिक शोध परियोजना है, जिसकी अरुणाचल प्रदेश और मणिपुर में दो शाखाएं हैं। संस्थान नियमित रूप से भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित सतत विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए व्याख्यान, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां, क्षेत्रीय सर्वेक्षण और प्रकाशन आयोजित करता है।

# गुवाहाटी में चोरी का आरोपी एनकाउंटर में घायल

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी में पुलिस के साथ आज तड़के हुए एक एनकाउंटर में चोरी के आरोपी जुएल खान गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना आज तड़के 1-30 बजे के आसपास राजधानी के हातीगांव इलाके में हुई। पुलिस के अनुसार, जुएल खान सिजूबाड़ी के नवज्योति पथ में रहता है। संदेह के आधार पर हातीगांव पुलिस की टीम उसके घर पहुंची, जहां से चोरी के दो एटीएम कार्ड और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई। एटीएम कार्ड विजय शर्मा से लूटे गए थे। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी से बचने के लिए जुएल बाथरूम की खिड़की से फरार हो गया। तलाशी के दौरान वह दुआत नगर में पुलिस से आमने-सामने हो गया। इस दौरान उसने धारदार हथियार से पुलिस पर हमला करने की कोशिश की, जिसके बाद आत्मरक्षा में पुलिस ने गोली चलाई, जिसकी वजह से वह घायल हो गया।

# नूनमाटी से साइबर अपराधी गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी के नूनमाटी इलाके से साइबर अपराध के आरोप में मुंबई पुलिस ने गुवाहाटी पुलिस की मदद से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आज बताया कि साइबर घोटाले को लेकर एक संयुक्त अभियान के दौरान नूनमाटी थाना की पुलिस और मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने बरपेटा जिले के ताराबाड़ी निवासी बिश्वजीत दास को नूनमाटी में उसके अस्थायी निवास से गिरफ्तार किया। आरोपी ने डिजिटल अरेस्ट स्कैम के जरिए मुंबई के एक बुजुर्ग नागरिक से 21 लाख की धोखाधड़ी की थी। पीड़ित से एक जालसाज ने स्वयं को प्रवर्तन निदेशालय का एक अधिकारी बताकर संपर्क किया था और उसे वाईटीएसवाईआई वेलनेस मल्टी ट्रेड प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े एक बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर करने के लिए मजबूर किया था। कानूनी औपचारिकता पूरी होने के बाद गिरफ्तार आरोपी को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया। मुंबई पुलिस गिरफ्तार आरोपी को मुंबई के लिए लेकर रवाना हो गई है।

# समुत्कर्ष महाशिविर का राज्यपाल ने किया औपचारिक उद्घाटन




**गुवाहाटी ( हिंस )।** विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के तत्वावधान में गुवाहाटी के सरूसोजाई स्टेडियम में तीन दिवसीय समुत्कर्ष महाशिविर बुधवार से शुरू हुआ। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने इस महाशिविर का औपचारिक उद्घाटन किया। यह शिविर 31 जनवरी तक चलेगा और इसमें उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के 700 विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। समुत्कर्ष महाशिविर में सूर्य नमस्कार, योगासन, बिहू गीत-नृत्य, प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गुवाहाटी के सरूसोजाई स्टेडियम में प्रदर्शनी के द्वार से उद्घाटन समारोह की शुरुआत की गई, जिसमें असम के शिक्षा मंत्री रोनोज पेगू ने दीप प्रज्ज्वलित किया। राज्यपाल आचार्य ने उद्घाटन भाषण में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के माध्यम से देश सेवा के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही आचार्य ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के माध्यम से देश सेवा के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोनोज पेगू ने अपने संबोधन में आध्यात्मिकता, ज्ञान प्राप्ति, सभी का शांतिपूर्ण सहअस्तित्व और अमृत काल के छात्र शक्ति से भारत को विश्व गुरु बनाने की क्षमता व्यक्त की। समारोह में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मंत्री कौशिक रॉय, ब्रह्माजी राव, उत्सव समिति के अध्यक्ष भारतीय सेना के अवकाश प्राप्त लेफ्टिनेंट जनरल राणा प्रताप कलिता, विद्या भारती उच्च शिक्षा के केएन रघुनंदन, पीवीएसएल मूर्ति, दीपांकर बोरा, विद्या भारती पूर्वोत्तर क्षेत्र के संगठनात्मक सचिव डॉ. पवन तिवारी, ताई तागाक, बाल शिक्षा समिति असम के अध्यक्ष कुलेंद्र कुमार भागवती, सचिव जगन्नाथ राजवंशी समेत विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इस बीच उत्तर पूर्व भारत के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने बिहू, विभिन्न जनजातीय गीत-नृत्य, भारत माता भजन और वंदन के माध्यम से एक अद्भुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित छह हजार से अधिक छात्र-छात्राओं और दर्शकों का मन जीत लिया। आज के सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न भाषाई और सांस्कृतिक एकता के साथ स्वदेशी द्वारा समाज में भाईचारे, शांति, शैक्षिक उन्नति और देश की तीव्र प्रगति का संदेश दिया गया। उल्लेखनीय है कि 30 जनवरी को शाम 7 बजे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ त्रिपुरा के राज्यपाल डॉ. वाई पाटिल करेंगे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम विधानसभा के अध्यक्ष बिश्वजीत दैमारी, मंत्री जयंत मल्लबरुवा, नलबाड़ी जिले की आयुक्त बर्णाली डेका, जितेंद्र शर्मा आदि होंगे। बाल शिक्षा समिति असम के प्रचार प्रमुख मुकुटेश्वर गोस्वामी ने बताया कि 31 जनवरी को सुबह 10 बजे मातृ सम्मेलन और पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ. कृष्ण गोपाल शर्मा, गौहाटी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ननी गोपाल महंत प्रमुख वक्ता होंगे और मार्गदर्शन देंगे। शाम को पांच हजार छात्रों द्वारा घोष वादन प्रदर्शन और समापन समारोह में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। ज्ञात हो कि सरूसजाई स्टेडियम में उत्तर-पूर्व भारत के विभिन्न विद्यालयों के छात्र अस्थायी शिविर में उपस्थित हैं।

# बजट का 49 फीसदी ही असम में योजनाओं पर खर्च : सुप्रिया श्रीनेत




**गुवाहाटी ( हिंस )।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज गुवाहाटी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि बजट में बीते वर्ष किए गए प्रावधान का सिर्फ 49 फीसदी ही असम में योजनाओं पर खर्च किया गया। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन में असम का स्थान देशभर में सबसे नीचे है। संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने स्मार्ट मीटर, असम से पशुओं को गुजरात भेजने से लेकर विभिन्न प्रकार के मुद्दों को लेकर सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि असम में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले पंचायत चुनाव तथा उसके बाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान असम के मुख्यमंत्री पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि असम के मुख्यमंत्री देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अपनी छवि चमकाने में लगे हुए हैं, लेकिन वह चमक नहीं रही है। देश का बच्चा-बच्चा यह जानता है की असम के मुख्यमंत्री सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं। संवाददाता सम्मेलन के दौरान उन्होंने भाजपा सरकार और इसके नेताओं पर कई गंभीर आरोप लगाए।

## नगरबेड़ा : मेधीपाड़ा में महिला की मौत से क्षेत्र में शोक



**नगरबेड़ा ( विभास )।** कामरूप जिले के बोको-छयगांव निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मेधीपाड़ा के ऐतिहासिक काली मंदिर में सेवा देते समय एक महिला की मौत ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है। पता चला है कि मेधीपाड़ा गांव के नारायण मेधी की पत्नी सायारानी मेधी (57)पूजा स्थल पर दीप जलाकर सेवा देने के दौरान बेहोश हो गईं, जब पूजा समिति के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों ने तुरंत एक एंबुलेंस ली और उन्हें नगरबेड़ा प्रखंड प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। लेकिन बाद में डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पूजा करने गई महिला की मौत से इलाके में मातम का माहौल बन गया।

# पांडु महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति के तहत पाठ्यक्रम विषयक कार्यशाला आयोजित



**गुवाहाटी ( हिंस )।** गौहाटी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत शुरू किए गए चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन आज पांडु महाविद्यालय में किया गया। यह कार्यशाला गौहाटी विश्वविद्यालय की पहल पर और असम कॉलेज प्राचार्य परिषद के सहयोग से आयोजित की गई, जिसमें शिक्षाविदों, प्राध्यापकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में असम कॉलेज प्राचार्य परिषद के अध्यक्ष कामाख्या प्रसाद त्रिपाठी ने हिस्सा लिया। विशेष अतिथि के रूप में बोरभीटा कॉलेज की प्राचार्या नंदिनी दत्ता और शास्त्रीय-ज्योतिष शाखा के प्रोफेसर डॉ. प्रणब कुमार दास मौजूद थे। कार्यशाला में गौहाटी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप चंद्रन मिश्रा ने नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक पाठ्यक्रम की संरचना और उसकी प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में चर्चा किए गए प्रमुख विषयों में नई शिक्षा नीति के तहत छात्रों के मूल्यांकन की प्रक्रिया, पाठ्यक्रम का आधुनिकीकरण, बहुआयामी कौशल विकास के अवसर और कॉलेजों के समक्ष संभावित चुनौतियां शामिल थीं। शिक्षाविदों का मानना है कि नया पाठ्यक्रम छात्रों को व्यवहारिक शिक्षा और शोध कार्यों के प्रति अधिक प्रेरित करेगा। पांडु महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय ज्योति बोरा ने कहा कि यह कार्यशाला शिक्षकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह नए पाठ्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करेगी और शिक्षा क्षेत्र में एक नया आयाम खोलेगी। यह कार्यशाला गुौहाटी विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों को शिक्षा नीति में आए परिवर्तनों के प्रति जागरूक करने में विशेष भूमिका निभाने की उम्मीद है।

## नलबाड़ी में चीनी हाइब्रिड नस्ल के लहसुन के खिलाफ अभियान

**नलबाड़ी ( हिंस )।** हाल ही में राज्य में चीन से आई हाइब्रिड नस्ल के लहसुन की बढ़ती समस्या को लेकर खाद्य सुरक्षा और असामरिक आपूर्ति विभाग ने आज नलबाड़ी में अभियान चलाया। नलबाड़ी के बाजारों में चीनी लहसुन की बिक्री पर कार्रवाई करते हुए कई बोरियां जब्त की गईं। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि नलबाड़ी के विभिन्न बाजारों में चीनी लहसुन फैल चुका है और आज के अभियान में कई बोरी चीनी लहसुन को जब्त किया गया। व्यापारी अब इस अभियान के खिलाफ चिंता व्यक्त कर रहे हैं, क्योंकि उनके व्यवसाय पर इसका सीधा असर पड़ रहा है। चीनी लहसुन के खिलाफ कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। विभागीय अधिकारी अब इसकी कड़ी निगरानी कर रहे हैं।

# बंगाईगांव बीएड कालेज में वार्षिक खेलकूद और भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन




**बंगाईगांव।** बंगाईगांव बीएड महाविद्यालय का आठ दिवसीय वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गत 20 जनवरी से शुरू होकर 28 जनवरी को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। उक्त समापन समारोह में 32 नंबर विधानसभा की विधायिका श्रीमती दीप्तिमय चौधरी के साथ बिर्झोरा कन्या महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. बसंत कुमार दास, बीएड महाविद्यालय परिचालाना समिति के अध्यक्ष सतिन चंद्र राय, महाविद्यालय की रेक्टर डॉ. रूपांजलि देवी, प्रधानाचार्य डॉक्टर मधुसूदन अधिकारी, महाविद्यालय के अध्यापक, अध्यापिका, छात्र-छात्राओं एवं परिचालना समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। झंडा उत्तोलन एवं सांस्कृतिक शोभा यात्रा के साथ शुरू हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में दौड़, बैडमिंटन, क्विज, आशु भाषण, कविता पाठ, चित्रांकन, संगीत, नृत्य, खाद्य प्रतियोगिता, अंक प्रतियोगिता, स्मृति प्रतियोगिता आदि का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, रंगिया का 33वां स्थापना दिवस सोल्लास संपन्न




**रंगिया ( विभास )।** हर वर्ष की तरह इसबार भी रंगिया के अग्रणी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल का स्थापना दिवस एवं वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रमों के साथ आयोजित स्कूल के 33वें स्थापना दिवस के मौके पर स्कूल द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका शुभारंभ *गो एज यू लाइक* नामक कार्यक्रम के साथ 28 जनवरी, मंगलवार को सुबह 9 बजे किया गया। इसके पश्चात विद्यालय प्रांगण में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं अगले दिन का कार्यक्रम 29 जनवरी, बुधवार को सामुहिक प्रार्थना एवं विद्यालय के ध्वजारोहण के साथ सुबह के 9.30 बजे शुरू किया गया। इसके पश्चात सुबह 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन और दीवार पत्रिका का विमोचन के साथ सुबह 10.30 पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रंगिया राजस्व चक्र के अधिकारी देवाशीष बरठाकुर उपस्थित रहे। अगले कार्यक्रम में सुबह 11 बजे खुला सत्र एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रंगिया सम -जिला आयुक्त देवाशीष गोस्वामी सहित विशिष्ट अतिथि के रूप में विंध्याचल द स्कूल, नलबाड़ी के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार जैन के अलावा बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 1.00 बजे विद्यालय की पत्रिका *मॉडर्निका* का विमोचन किया गया। उल्लेखनीय है कि समारोह के दौरान विद्यालय की ओर से सभी अतिथियों का विशेष रूप से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रंगिया के पूर्व विधायक अनंत डेका, स्थानीय युवा समाज सेवी मोहन माधव बर्मन, एडवोकेट रिंकू दासगुप्ता, उत्पल भुईयां, डॉक्टर चंद्रधर डेका, सर्स पब्लिक स्कूल के करुणानन्द शर्मा, डॉ. संजय तालुकदार सहित बहुत से गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान अपराह्न 2 बजे विद्यालय से अंतिम एचएसएलसी परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पूर्व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# नारायण नगर में लायंस उमंग ने कराया अत्याधुनिक पब्लिक टॉयलेट का निर्माण

## मेयर मृगेन शरनिया ने क्लब के सामुदायिक सेवा के इस कार्य को सराहा




**गुवाहाटी।** सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में लायंस क्लब ऑफ गुवाहाटी उमंग ने एक बार पुन: यह साबित कर दिया कि महिलाओं की क्लब भी बड़े से बड़ा सेवा कार्य कर सकती है। लायंस उमंग की ओर से नारायण नगर स्थित हरियाणा भवन के सामने तथा राजहुआ नामघर के समीप अत्याधुनिक पब्लिक टॉयलेट का निर्माण कराया गया। पब्लिक टॉयलेट परियोजना की चेयरपर्सन श्रीमती रितु बंका ने बताया कि सामुदायिक सेवा के इस कार्य को संपादित करने में आर्थिक अनुदान राजस्थान लाइम उद्योग के प्रमुख तथा उद्योगपति-समाजसेवी जगदीश भारूका ने दिया। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे गुवाहाटी के मेयर मृगेण शरनिया ने महिलाओं की क्लब लायंस उमंग के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस स्थान पर सार्वजनिक शौचालय की पिछले लंबे समय से आवश्यकता थी। अत्याधुनिक पब्लिक टॉयलेट का निर्माण कर लायंस उमंग ने सामुदायिक सेवा की दिशा में जबरदस्त कार्य किया है। श्रीमती बंका ने बताया कि पब्लिक टॉयलेट का उद्घाटन लायंस इंटरनेशनल की पूर्व निदेशक संगीता जटिया ने इंटरनेशनल निदेशक राज कुमार अग्रवाल, पूर्व इंटरनेशनल निदेशक किशोर कुमार वर्मा, लायंस जिला 322 जी की जिलापाल सीमा गोयनका, वीडीजी (प्रथम) पंकज पोद्दार, सत्राधिकार सनातन दास सहित कई अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में किया गया। चेयरपर्सन श्रीमती रितु बंका ने बताया कि यह सामुदायिक सेवा परियोजना केवल नारायण नगर स्थित राजहुआ नामघर के सहयोग से ही संभव हो पाया है, जिसका नेतृत्व सत्राधिकार सनातन दास कर रहे हैं। उन्होंने इस सामुदायिक सेवा परियोजना के लिए आवश्यक भूमि लायंस उमंग को उपलब्ध कराई है। इस पब्लिक टॉयलेट को निर्माण करने में गुवाहाटी नगर निगम के मेयर मृगेण शरणिया तथा बंका एंड एसोसिएट्स के प्रमुख प्रख्यात आर्किटेक्ट संतोष बंका ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर राजस्थान लाइम उद्योग की ओर से सुमित गोयल व संदीप माहेश्वरी मौजूद थे, जिनका क्लब की ओर से अभिनंदन किया गया। अत्याधुनिक पब्लिक टॉयलेट में पुरुषों के लिए तीन टॉयलेट व दो शौचालय, महिलाओं के लिए तीन शौचालय तथा दिव्यांगों के लिए एक शौचालय मौजूद हैं। वहीं वहां की देखभाल के लिए एक सुरक्षाकर्मी का रूम भी निर्माण किया गया है। उद्घाटन समारोह में लायंस उमंग की अध्यक्ष श्रीमती पायल चड्ढा ने अपना स्वागत संबोधन दिया। इस मौके पर जिला पाल सीमा गोयनका सहित आमंत्रित अतिथियों ने भी अपने संबोधन में क्लब के सेवा कार्यों की खुले दिल से प्रशंसा करते हुए कहा कि इस परियोजना का लाभ बड़ी संख्या में लोगों को मिलेगा। क्लब की सचिव स्वाती चौधरी ने बताया कि उपस्थित सभी अतिथियों का क्लब की ओर से अभिनंदन किया गया। कोषाध्यक्ष बबिता अग्रवाल ने कहा कि इस मौके पर लायंस जिला के पदाधिकारी, लायंस क्लब की विभिन्न शाखाओं से आए पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में लायंस उमंग की सदस्याएं मौजूद थी। जनसंपर्क अधिकारी सुनीता पारिक ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में सभी उमंग की सभी सदस्याओं का भरपूर सहयोग रहा।

संपादकीय

# समान नागरिक संहिता लागू

भाजपा ही नहीं, भारतीय जनसंघ का भी एक बुनियादी, वैचारिक एजेंडा लागू हो गया। समान नागरिक संहिता को कानूनन उत्तराखंड राज्य ने लागू किया है। अभी भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ-दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेडने का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव-मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है। संविधान बनाने वाले हमारे पुरखों ने अनुच्छेद 44 में यह प्रावधान निहित किया था कि केंद्र अथवा राज्य सरकारें समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास जरूर करें। देश की सर्वोच्च अदालत ने भी इसकी पक्षधरता कुछ अवसरों पर व्यक्त की है। तो यह बुनियादी निष्कर्ष तय है कि समान संहिता को लागू करना अवैध और असंवैधानिक नहीं है। यह भाजपा सरकार ने ही तय नहीं किया है, बल्कि सर्वोच्च अदालत की न्यायाधीश रह चुकीं जस्टिस रंजना प्रकाश देसाई के नेतृत्व में 2.35 लाख लोगों से विमर्श किया गया। उस प्रक्रिया के बाद ही 740 पन्नों का मसविदा सामने आया। उसे विधानसभा में पारित किया गया, फिर राज्यपाल ने सहमति दी और 12 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति ने अनुमोदित किया। विमर्श की गुंजाइश अब भी है। साफ है कि समान नागरिक संहिता के तहत सभी धर्मों के सभी लोगों को समान अधिकार देने की व्यवस्था की गई है। हमारा सवाल है कि अनुसूचित जनजातियों को भी इससे अलग क्यों रखा गया है? आदिवासी अब पूरी तरह कबीलाई नहीं हैं। वे भी सुशिक्षित हैं, सरकारी नौकरियां कर रहे हैं, आईएएस/आईपीएस अधिकारी भी हैं। नए दौर, नए युग की करवटें वे भी देख रहे हैं। उन आदिवासियों को इस कानून से अलग रखा जा सकता था, जो आज भी अनपढ़ हैं और जंगल की जिंदगी जी रहे हैं। बहरहाल समान नागरिक संहिता में विवाह, तलाक, बहुविवाह, बाल विवाह, बेटा-बेटी बराबर, गोद लेने की कानूनी व्यवस्था, विरासत, वसीयत और लिव-इन सरीखी तमाम व्यवस्थाएं समान रूप से लागू की जा सकती हैं। उत्तराखंड ने अपने कानून में 'हलाला' को 'अपराध' करार दिया है। धारा 63 और 51, महिला से क्रूरता या उत्पीडऩ धारा 69 में अपराध है। हलाला पर 10 साल तक जेल की सजा का प्रावधान किया गया है। बहरहाल समान नागरिक संहिता देश भर में लागू क्यों न की जाए।

> भाजपा शासित 6-7 राज्य और हैं, जहां समान नागरिक संहिता की दिशा में लगातार प्रयास जारी हैं। वहां से भी जल्द ही अच्छी खबरें आ सकती हैं। केंद्र के स्तर पर कब होगा, फिलहाल यह निश्चित नहीं है। उत्तराखंड देश का सर्वप्रथम राज्य बन गया है। भाजपा के मातृ-दल जनसंघ ने अनुच्छेद 370 को समाप्त करने और तीन तलाक को कानूनन बनाने सरीखे मुद्दों को अपना वैचारिक एजेंडा तय किया था और उसी के आधार पर राजनीति की थी। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण भाजपा और विहिप का साझा एजेंडा था। आरएसएस बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के बाहर खदेडने का पक्षधर रहा है। देखा जाए तो ये संघ परिवार के ही वैचारिक मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन मुद्दों को साकार कराया है, बेशक समान नागरिक संहिता पर वह राज्यवार चलना चाहते हैं। यह बचाव-मुद्रा इसलिए है, ताकि देश भर में सांप्रदायिक बवाल न मचे और दंगों की नौबत न आए। उत्तराखंड ने जो पहल की है, उसका भी त्वरित विरोध 'जमायत-ए-हिंद' ने किया है और समान संहिता को मुसलमानों के मजहबी हुकूक में दखलअंदाजी माना है। उन्होंने इस कानूनी व्यवस्था को सर्वोच्च अदालत में चुनौती देने का भी ऐलान किया है। वैसे समान नागरिक संहिता कोई 'संघी व्यवस्था' नहीं है।

### आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है

# वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट से मिल सकती हैं कई सौगातें

**प्रह्लाद सबनानी**

> प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5 .2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5 .4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6 .6 प्रतिशत से 6 .8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8 .2 प्रतिशत की रही थी।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली छमाही (अप्रेल-सितम्बर 2024) में भारत की आर्थिक विकास दर कुछ कमजोर रही है। प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में तो सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर गिरकर 5.2 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गई थी। इसी प्रकार द्वितीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर 2024) में भी सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। इससे वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत से 6.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत की रही थी। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में आर्थिक विकास दर के कम होने के कारणों में मुख्य रूप से देश में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव है और आचार संहिता के लागू होने के चलते केंद्र सरकार के पूंजीगत खर्चों एवं अन्य खर्चों में भारी भरकम कमी दृष्टिगोचर हुई है। साथ ही, देश में मानसून की स्थिति भी ठीक नहीं रही है।

केंद्र सरकार ने हालांकि मुद्रा स्फीति पर अंकुश लगाने में सफलता तो अर्जित कर ली है परंतु उच्च स्तर पर बनी रही मुद्रा स्फीति के कारण कुल मिलाकर आम नागरिकों, विशेष रूप से मध्यमवर्गीय परिवारों, की खर्च करने की क्षमता पर विपरीत प्रभात जरूर पड़ा है और कुछ मध्यमवर्गीय परिवारों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे परिवारों की श्रेणी में जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसी भी देश में मध्यमवर्गीय परिवारों की जितनी अधिक संख्या रहती है, उस देश की आर्थिक विकास दर ऊंचे स्तर पर बनी रहती है क्योंकि मध्यमवर्गीय परिवार ही विभिन्न प्रकार के उत्पादों (दोपहिया वाहन, चारपहिया वाहन, फ्रिज, एयर कंडीशनर जैसे उत्पादों एवं नए फ्लेट्स एवं भवनों आदि) को खरीदने पर अपनी आय के अधिकतम भाग का उपयोग करता है। इससे आर्थिक चक्र में तीव्रता आती है और इन उत्पादों की बाजार में मांग के बढ़ने के चलते इनके उत्पादन को विभिन्न कम्पनियों द्वारा बढ़ाया जाता है, इससे इन कम्पनियों की आय एवं लाभप्रदता में वृद्धि होती है एवं देश में रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं।

भारत में पिछले कुछ समय से मध्यमवर्गीय परिवारों की व्यय करने की क्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है अतः दिनांक 1 फरवरी 2025 को केंद्र सरकार की वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के केंद्र



सरकार के बजट में मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए विशेष रूप से आय कर में छूट की घोषणा करेंगी। देश के कई अर्थशास्त्रियों का तो यह भी कहना है कि न केवल आय कर में बल्कि कारपोरेट कर में भी कमी की घोषणा की जानी चाहिए। इनफोसिस के संस्थापक सदस्यों में शामिल श्री मोहनदास पई का तो कहना है कि 15 लाख से अधिक की आय पर लागू 30 प्रतिशत की आय कर की दर को अब 18 लाख से अधिक की आय पर लागू करना चाहिए। आय कर मुक्त आय की सीमा को वर्तमान में लागू 7.75 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 10 लाख रुपए कर देना चाहिए। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत किए जाने निवेश की सीमा को भी 1.50 लाख रुपए की राशि से बढ़ाकर 2 लाख रुपए कर देना चाहिए। मकान निर्माण हेतु लिए गए ऋण पर अदा किए जाने वाले ब्याज पर प्रदान की जाने वाली आयकर छूट की सीमा को 2 लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए किया जाना चाहिए।

फरवरी 2025 माह में ही भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मोनेटरी पोलिसी की घोषणा भी होने जा रही है। भारतीय रिजर्व बैंक से अब यह अपेक्षा की जा रही है कि वे रेपो दर में कम से कम 25 अथवा 50 आधार बिंदुओं की कमी तो अवश्य करेंगे। क्योंकि, पिछले लगातार लगभग 24 माह तक रेपो दर में कोई भी परिवर्तन नहीं करने के चलते मध्यमवर्गीय परिवारों द्वारा मकान निर्माण एवं चार पहिया वाहन आदि खरीदने हेतु बैकों से लिए गए ऋण की किश्त की राशि का बोझ बहुत अधिक बढ़ गया है। बैकों से लिए गए इस प्रकार के ऋणों एवं माइक्रो फाइनैन्स की किश्तों की अदायगी में चूक की घटनाएं भी बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं। अब मुद्रा स्फीति की दर खाद्य पदार्थों (फलों एवं सब्जियों आदि) के कुछ महंगे होने के चलते ही उच्च स्तर पर आ जाती है जबकि कोर मुद्रा स्फीति की दर तो अब नियंत्रण में आ चुकी है। खाद्य पदार्थों की मंहगाई को ब्याज दरों को उच्च स्तर पर बनाए रखकर कम नहीं किया जा सकता है। अतः भारतीय रिजर्व बैंक को अब इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सम्पन्न हुए लोक सभा चुनाव के चलते देश में पूंजीगत खर्चों में कमी दिखाई दी है। इसीलिए अब लगातार यह मांग की जा रही है कि देश में वन नेशन वन इलेक्शन कानून को शीघ्र ही लागू किया जाना चाहिए क्योंकि बार बार देश में चुनाव होने से केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा आचार संहिता के लागू होने के चलते अपने बजटीय खर्चों को रोक दिया जाता है जिससे देश का आर्थिक विकास प्रभावित होता है। अतः वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए लोक सभा में पेश किए जाने वाले बजट में पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर गम्भीरता दिखाई जाएगी। हालांकि वित्तीय वर्ष 2022-23 के बजट में 7.50 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में 10 लाख करोड़ रुपए एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में 11.11 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किया गया था। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कम से कम 15 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत खर्चों का प्रावधान किये जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इससे देश में धीमी पड़ रही आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में सहायता मिलेगी और रोजगार के करोड़ों नए अवसर भी निर्मित होंगे, जिसकी वर्तमान समय में देश को अत्यधिक आवश्यकता भी है।

विभिन्न राज्यों द्वारा चलायी जा रही फ्रीबीज की योजनाओं पर भी अब अंकुश लगाए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए। इन योजनाओं से देश के आर्थिक विकास को लाभ कम और नुक्सान अधिक होता है। केरल, पंजाब, हिमाचल प्रदेश एवं दिल्ली की स्थिति हम सबके सामने है। इस प्रकार की योजनाओं को चलाने के कारण इन राज्यों के बजटीय घाटे की स्थिति दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। पंजाब तो किसी समय पर देश के सबसे सम्पन्न राज्यों में शामिल हुआ करता था परंतु आज पंजाब में बजटीय घाटा भयावह स्थिति में पहुंच गया है। जिससे ये राज्य आज पूंजीगत खर्चों पर अधिक राशि व्यय नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि इन राज्यों की न तो आय बढ़ रही है और न ही बजटीय घाटे पर नियंत्रण स्थापित हो पा रहा है।

दृष्टि कोण

# हिरासत में हत्या : मानवाधिकार का उल्लंघन

हाल ही में हिमाचल प्रदेश के बहुचर्चित गुडिया बलात्कार और हत्या मामले से जुड़े सूरज कस्टोडियल डेथ केस में चंडीगढ़ की सीबीआई अदालत ने हिमाचल पुलिस के आईजी जहूर जैदी समेत आठ पुलिस कर्मियों को उम्रकैद की सजा दी है। 2017 में कोटखाई में नाबालिग गुडिया के साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या के बाद नेपाली नागरिक सूरज सिंह को हिरासत में लिया गया था। पुलिस कस्टडी में प्रताडऩा के कारण सूरज की मौत ने जनता के आक्रोश को और बढ़ा दिया। इस घटना में पुलिस पर आरोप था कि उन्होंने असली अपराधियों को बचाने के लिए निर्दोष सूरज को बलि का बकरा बनाया। सीबीआई जांच में यह पुष्टि हुई कि पुलिस कर्मियों ने सूरज के साथ बर्बरता की। अदालत का यह फैसला न केवल पुलिस तंत्र में व्याप्त अमानवीयता और लापरवाही को उजागर करता है, बल्कि यह मानवाधिकारों के उल्लंघन और कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है।

गुडिया बलात्कार और हत्या मामला : एक संक्षिप्त विवरण : 4 जुलाई 2017 को हिमाचल प्रदेश के शिमला जिले के कोटखाई क्षेत्र में एक 16 वर्षीय नाबालिग लडक़ी, जिसे 'गुडिया' नाम दिया गया, स्कूल से घर लौटते समय लापता हो गई। कुछ दिनों बाद उसका शव जंगल में मिला, जहां उसके साथ सामूहिक बलात्कार और हत्या की पुष्टि हुई। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को लेकर पूरे राज्य में जनाक्रोश पैदा किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कई संदिग्धों को हिरासत में लिया, जिनमें सूरज सिंह शामिल था। 18 जुलाई 2017 को पुलिस हिरासत में सूरज की मृत्यु हुई, जिसके बाद यह मामला सीबीआई को सौंपा गया। जांच और अदालत के फैसले ने पुलिस हिरासत में मानवाधिकारों की रक्षा की दिशा में गंभीर सुधारों की आवश्यकता को रेखांकित किया। भारत में पुलिस हिरासत में मौतें मानवाधिकारों के उल्लंघन का एक गंभीर मुद्दा हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अनुसार 1 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक देशभर में 669 हिरासत मौतों के मामले दर्ज किए गए। इन मौतों के प्रमुख कारणों में बर्बर प्रताडऩा, लापरवाही और चिकित्सा सहायता की कमी शामिल हैं। अक्सर अपराध कबूल करवाने के लिए पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाता है, जो कैदियों के जीवन के लिए खतरा बन जाता है। ऐसे मामलों की जांच और दोषियों को सजा देने में देरी न्याय प्रणाली पर जनता के विश्वास को कमजोर करती है।

पुलिस हिरासत में मृत्यु : एक गंभीर समस्या : भारत में हिरासत में मौतों को रोकने के लिए कई कानून और प्रावधान मौजूद हैं। भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 120 (1) और 120 (2) के तहत हिरासत के दौरान प्रताडऩा को दंडनीय अपराध माना गया है। इसके अतिरिक्त भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 196 के अनुसार, पुलिस हिरासत में मृत्यु के मामलों में न्यायिक जांच अनिवार्य है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी ऐसे मामलों की निगरानी करता है। लेकिन इन प्रावधानों के बावजूद, जमीनी स्तर पर इनका क्रियान्वयन कमजोर है। पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए पुलिस अधिकारियों को संवेदनशीलता और मानवाधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है।

न्यायिक सक्रियता और सुधार : 1978 में 'सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन' मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में कैदियों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर ऐतिहासिक फैसला दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कैदियों को भी भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार प्राप्त हैं। यह निर्णय जेल सुधारों के लिए मील का पत्थर साबित हुआ। सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया कि जेल प्रशासन कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करे और उन्हें उचित चिकित्सा सुविधा, भोजन और स्वच्छता उपलब्ध कराए। इस मामले के बाद, सरकार ने कैदियों के अधिकारों की रक्षा के लिए कई नीतियां बनाई। जेल मैनुअल में संशोधन किया गया और अंडरट्रायल कैदियों को बेल पर रिहा करने जैसे उपाय अपनाए गए। हालांकि, इन सुधारों के बावजूद, पुलिस हिरासत में होने वाली मौतें दर्शाती हैं कि सुधारों का क्रियान्वयन अभी भी प्रभावी नहीं है।

राज्य की जिम्मेदारी और सुधार की आवश्यकता : जेल और हिरासत में कैदियों की सुरक्षा राज्य की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। सरकार को जेलों को पुनर्वास केंद्र के रूप में विकसित करना चाहिए, न कि अत्याचार और दुर्व्यवहार का केंद्र बनने देना चाहिए।

कुछ अलग


# मेरी पुस्तक का लंचार्पण

अपने शहर के तमाम पुस्तकों के चाय समोसार्पण से बोर हो चुके साहित्यिक कम असाहित्यिक मित्रों को यह सृजनात्मक सूचना देते हुए मुझे दौरे पर दौरा पड़ रहा है कि अगले रविवार को होटल खिलाजा में मैंने अपने पहले काव्य संग्रह चटाक पटाक गटाक का लंचापर्ण रखा है। मित्रो ! किताब के चाय समोसिया लोकार्पण में वह मजा नहीं होता जो किताब के धांसू लंचार्पण में होता है। बिना लंच के किसी किताब का लोकार्पण वैसे ही होता है जैसे बिना हलुआ पूड़ी के किसी का उठाला। तब उस उठाले से न उठते बनता है न वहां बैठते। तब वहां जैसे कैसे उठते हुए बैठे रहने तक मन से बस, एक यही बद्दुआ निकलती रहती है कि मरने वाले की आत्मा को तो भगवान शांति दे ही नहीं, पर उसके उठाले का इंतजाम करने वालों को भी भगवान उनके पास सब कुछ होने के बाद भी कतई शांति न दें। इसे उठाला कहते हैं क्या यारो? हद होती है मरने के बाद के खर्चों में कट लगाने की भी। जिंदा रहे तो दिल खोलकर ईएमआई पर ईएमआई देते अंधाधुंध खर्चे करते और जब मरे तो...एक ईएमआई अपने उठाले के लिए भी ले लेते तो क्या चला जाता तुम्हारा? उठाले में चावल कढ़ी? अरे भैया मरने वाले! तुम्हारा उठाला कौनसा रोज रोज होना था? फॉर्मैलिटी के लिए जब ऐसा ही गमगीन उठाला करना था तो अपने उठाले में लोग बुलाए ही क्यों थे? घर से ही श्रद्धांजलि दे देते। बंधुओ! किताब का सद्य प्रकाशन सृजनात्मक खारिश के सिवाय और कुछ भी नहीं। प्रकाशक की अनगिनत बदतमीजियां सहते बार बार इतने उसके खाते में पाने को कहते आखिर जब किताब छप ही जाती है तो वह सृजन की खारिश खत्म तो नहीं होती, पर काफी कम हो जाती है। उसके बाद ज्यों ही बीस तीस कविताएं लिखीं कि सृजनात्मक खारिश फिर होने लगी। सृजनात्मक खारिश का इलाज किसी भी अस्पताल के डॉक्टर के पास नहीं होता। न ही इसका कोई लोशन, गोलियां वैगरह आज तक ईजाद हो पाई हैं। विज्ञान ने कैंसर तक की दवाई खोज ली। विज्ञान ने दिमाग के कीड़ों की दवाई भी खोज ली। पर सृजन की खुजली की वह आज तक कोई खाने लगाने वाली दवाई नहीं खोज पाया। इसलिए इसका एकाधिकारिक इलाज अभी भी प्रकाशकों के पास ही मौजूद है कि कोई सृजन की खारिश वाला रोगी उन्हें फोन करे तो वे वहीं से उसकी सृजनात्मक खारिश का इलाज करने लग जाएं। तो किताब के लंचार्पण समारोह में मिलते हैं अगले रविवार ठीक ग्याह बजे से बजे। तब तक के लिए अपना ख्याल रखिएगा। मेरे सद्य प्रकाशित काव्य संग्रह के वैष्णवी लचार्पण का कार्यक्रम निम्न रहेगा- किताब के लंचार्पणियों का भव्य स्वागत ग्यारह बजे तक। किताब के लंचार्पणियों के लिए नॉन स्टाप जलपान ग्यारह बजे से एक बजे तक। सवा एक बजे किताब का आपकी जीभों द्वारा डाइनिंग हॉल में लोकार्पण। और वहीं पर किताब के लंचार्पण में पधारे विद्वत बंधुओं के किताब पर विचार। मुख्यातिथि- गर्मागर्म रसगुल्ले। सारस्वत अतिथि- मटर पनीर। विशेष अतिथि- दाल मक्खनी, राजमाश। अध्यक्षता- फ्राइड राइस, मिस्सी रोटी। प्रमुख वक्ता- आप सब। विशिष्ट अतिथि- रबड़ी जलेबी, रस मलाई। आशा ही नहीं, विश्वास है कि आप सब पुस्तक प्रेमियों का मेरे काव्य संग्रह के लंचार्पण पर मेरे काव्य संग्रह को आशातीत आशीर्वाद मिलेगा।

देश दुनीया से

# कैसा हो बजट-2025

जल्द ही बजट 2025 पेश किया जाएगा। देश के लोगों में बजट घोषणाओं को लेकर उत्सुकता बनी हुई है। आम आदमी, व्यापार जगत, इंडस्ट्री और वृहत समाज को इससे बहुत उम्मीदें होती हैं। देश की आजादी के साथ 26 नवंबर, 1947 को भारत के पहले वित्त मंत्री आरके शानमुखम चेट्टी द्वारा शुरू किया गया यह सफर निर्बाध तरीके से निर्मला सीतारमण तक चला आ रहा है। यह केंद्रीय बजट एक अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए देश की वित्तीय योजना को तय करेगा। सरकार 2025 के बजट में नया आयकर विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। इसका मतलब है कि देश के 64 साल पुराने आयकर कानून में बदलाव हो सकता है। नए विधेयक का लक्ष्य मौजूदा कर नियमों को सरल बनाना, उन्हें समझना आसान बनाना और दस्तावेजों के आकार को लगभग 60 फीसदी तक कम करना है। जहां तक देश की आर्थिक स्थिति का सवाल है तो मौजूदा वित्त वर्ष के लिए पहले अग्रिम अनुमान के मुताबिक, जीडीपी ग्रोथ 6.4 फीसदी पर आती दिख रही है। इसको और गति चाहिए। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उत्पादन 5.3 फीसदी ही बढ़ेगा, जो पिछले वित्त वर्ष में 9.9 फीसदी बढ़ा था। सर्विसेज सेक्टर की ग्रोथ 5.8 फीसदी रहने का अनुमान है, जो सालभर पहले 6.4 फीसदी थी। फाइनैंशल, रियल एस्टेट और प्रोफेशनल सेगमेंट की ग्रोथ 8.4 फीसदी के मुकाबले 7.3 फीसदी रहने का अनुमान है। पहला सुझाव है कि बजट 2025 में सैलरी क्लास को राहत देने के लिए यूनियन बजट में स्टैंडर्ड कटौती बढ़ाने का ऐलान किया जाना बेहतर होगा। वर्ष 2024-25 के यूनियन बजट में वित्त मंत्री ने इनकम टैक्स की नई रिजीम में स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने का ऐलान किया था।




लंबे समय से मिडिल क्लास इनकम टैक्स में छूट का दायरा बढने की उम्मीद कर रहा है। बजट 2025 में मिडिल क्लास की यह उम्मीद सरकार पूरी कर सकती है। सुझाव है कि इस बार किसान सम्मान निधि की रकम बढ़ा देनी चाहिए। बजट 2024 में इसका अनुमान लगाया गया था। 2019 में पहली बार पीएम किसान सम्मान निधि का ऐलान किया गया था। उसके बाद से इसकी रकम नहीं बढ़ाई गई है। फिलहाल इस स्कीम के तहत किसानों को हर साल 6000 रुपए मिलते हैं। सरकार 2000-2000 रुपए की तीन किस्तों में यह पैसा सीधे किसानों के अकाउंट में ट्रांसफर करती है। इससे किसान राहत महसूस करेंगे। काफी लोग आशा करते हैं कि सरकार को बजट 2025 में मिडिल क्लास के लिए टैक्स छूट बढ़ा देनी चाहिए। सरकार ने सबसे पहले 2022 में इनकम टैक्स की नई रिजीम का ऐलान किया था। उसके बाद से लगातार ऐसे फैसले लिए जा रहे हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा टैक्सपेयर्स नए टैक्स रिजीम को चुनें। इसी तरह से सरकार ने कैपिटल गेंस टैक्स के नियमों में बजट 2024 में बदलाव किया था। इसे और आसान बनाए जाने की जरूरत है। सुपर रिच यानी अधिक अमीर लोगों पर 2 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाने का सुझाव दिया है। इस पैसे का इस्तेमाल सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट्स शुरू करने के लिए किया जा सकता है। बेहतर हो कि प्रवासी मजदूरों के लिए एक अलग वेलफेयर बोर्ड बनाया जाए। साथ ही 'वन राशन वन नेशन' स्कीम के तहत कंस्ट्रक्शन से जुड़े मजदूरों का भी राशन कार्ड बनाने की मांग की गई है। देश में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाएं महंगी होती जा रही हैं। बजट 2025 में इसको लेकर राहत की उम्मीद है। देखें और जांचें तो भारत का स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र रोजगार और राजस्व के मामले में सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं पर लगने वाले इनपुट जीएसटी को कम करना चाहिए। इसके साथ ही, बीमा कंपनियों की क्लेम प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता है। विदित हो कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के बजट में वृद्धि और निजी क्षेत्र को सहयोग देने से लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जा सकता है। खास तौर पर उन इलाकों में बुनियादी ढांचे को सुधारने की जरूरत है जहां स्वास्थ्य सेवाएं अभी तक पूरी तरह नहीं पहुंच पाई हैं।

बजट 2025 भारत की शिक्षा प्रणाली को सशक्त बनाने और इसे विश्व स्तरीय बनाने के लिए एक सुनहरा अवसर है। डिजिटल शिक्षा, शिक्षक प्रशिक्षण और कौशल विकास पर जोर देकर सरकार युवाओं को एक मजबूत और कुशल कार्यबल में बदल सकती है। यह न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में भी योगदान देगा। 2025-26 के लिए पेश होने वाले सालाना आम बजट में देश के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और जुड़े कर्मचारियों की भी उम्मीदें बंधी हैं। हालांकि, सरकार ने शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए पिछले सालों में लगातार बजट बढ़ाया है। 2024 में इस क्षेत्र को 1.48 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए गए, जिसमें से सबसे अधिक 73498 करोड़ रुपए स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग को दिए गए। इसके बावजूद, बजट में शिक्षा क्षेत्र को जीडीपी का केवल 4 फीसदी रकम ही आवंटित की जाती है, जबकि अमेरिका, कनाडा, जापान और जर्मनी जैसे विकसित देश 4.8 से 5.5 फीसदी तक खर्च करते हैं। इसमें वृद्धि वांछित है। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए बजट आवंटन में वृद्धि हुई है। हालांकि, उभरते हुए रोजगार क्षेत्र और डिजिटल युग की मांगों को पूरा करने के लिए आवंटन को और बढ़ाने की आवश्यकता है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रावधान न केवल व्यक्तिगत स्तर पर, बल्कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के लिए भी आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। बजट 2025 को एनईपी 2020 के लक्ष्यों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में 50 प्रतिशत सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए निवेश बढ़ाना जरूरी है।

आप का नजरीया

# कोटखाई के कंकाल

वो मनहूस दिन तो गुजर गया, लेकिन कितने ही जनाजे छोड़ गया। एक सिहरन उस वक्त भी उठी थी जब कोटखाई के जंगल में हिमाचल की आंखों ने वहशीपन देखा। इस खबर के कई कंकाल उभरे और मातम के कई काल उभरे। रौंगटे खड़े कर देने की वारदात का हर सफा जालिम निकला और कानून व्यवस्था के पैगंबर अंजाम तक पहुंचते-पहुंचते मुजरिम निकले। एक पूरी पुलिस छानबीन की एसआईटी टीम को उम्रकैद, पुनः सिहरन पैदा करती है। इनमें अधिकारी, कुछ युवा पुलिस कर्मी और प्रोफेशन की महत्त्वाकांक्षा से ओतप्रोत विभागीय कसौटियां भी रही हैं। आश्चर्य यह कि एक ही मामले ने कई गुनाह समेट लिए और हिरासत की निगरानी में जांच का कातिल चेहरा, नेपाली मूल के सूरज के खून का दोषी करार हो गया। जिन्हें उम्रकैद हुई, उनकी पृष्ठभूमि में जोखिम उठाने का साहस, प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने की क्षमता और महकमे के विश्वस्त कंधे बनने का हुनर रहा होगा, वरना एक मामले की पड़ताल में अति साहस यह दुराचार न करता। पूर्व आईजी जहूर हैदर जैदी व डीएसपी मनोज जोशी का करियर चमक रहा था, लेकिन अपनी ही सीमाओं के उल्लंघन में ये पुलिस अधिकारी पकड़े गए। मनोज जोशी तो तहसीलदार का पद छोडक़र पुलिस का पदक पाने की अभिलाषा में वर्दी में आया था, लेकिन अब उम्रकैद की खबर ने सब कुछ छीन लिया। कोटखाई प्रकरण हिमाचल के इतिहास में हमेशा जिंदा रहेगा। इसके अध्यायों में एक मासूम बेटी के आंसू, एक निर्दोष मजदूर की हिरासत में हुई मौत का मातम और कानून व्यवस्था पर लगे दाग हमेशा गूंजते रहेंगे। सजा के पात्र बने पुलिस कर्मी सिर्फ एक मुकाम पर फिसल गए। जल्दबाजी, अति उत्साह, सत्ता से गलबहियां, विपक्ष के सवाल और जनता का उबाल, उस वक्त की कमजोरी का जवाब ढूंढते आज जहां पहुंचा, वहां मीडिया का जिक्र होना चाहिए। उस वक्त अगर कोई संतुलित संवाद कर रहा था, तो वह मीडिया था, खास तौर पर महत्त्वपूर्ण अखबार जो न्याय के हर पक्ष के साथ खड़े थे, लेकिन कसौटियों की फेहरिस्त में यह वर्ग बुरी तरह 'टारगेट' में रहा। बेशक न्याय का सबसे मजबूत पक्ष चंडीगढ़ की सीबीआई अदालत में दिखा, लेकिन इस बीच हिमाचल की अदालतों में कई कठघरे सिर्फ कोटखाई रिपोर्टिंग के खिलाफ खड़े हुए। उस वक्त की सुर्खियां आरोपों से घिर गईं और जो लोग कोटखाई अपराध के छींटों से बच रहे थे, वे भी मीडिया में गुनाह खोज रहे थे। कम से कम तीन-चार बड़े अखबारों के पत्रकार और संपादक, कोटखाई की सुर्खियों के कारण अभी अदालती मामलों से जूझ रहे हैं। हमने यह उल्लेख इसलिए किया कि अब प्रोफेशन की संगत में मीडिया की हैसियत को कोई भी कानूनी प्रक्रिया में उलझा सकता है। यह हिमाचल मीडिया के लिए भी एक ऐसी सूचना है, जहां कानून-व्यवस्था में उसकी भूमिका अंततः सफल हुई। तब अगर मीडिया अपना शिविर कोटखाई में न लगाता, अपनी संवेदना की पहचान न कराता, राजनीतिक माहौल में सत्ता के दबाव से दूर रहता, न तो सुर्खियां आज सबूत न बनतीं। कहना न होगा कि हिमाचल की पत्रकारिता को ऐसे फैसलों से हिम्मत मिलेगी, क्योंकि मीडिया को डराने-धमकाने या उसके ऊपर प्रभाव जमाने की ऐसी परिणति से मीडिया संस्कारों का उदय हो सकता है, लेकिन इससे मिले सबक भी सीखने होंगे।

# विधान सभा में सर्वदलीय बैठक : मंत्रीगण आएंगे तैयारी के साथ, प्रतिपक्ष भी सदन संचालन में बनेगा सहयोगी



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा का यह पवित्र सदन प्रदेश की आठ करोड़ जनता का प्रतिनिधित्व करता है। सदन की कार्रवाई को आम जनता देखती है। प्रदेश की जनता से चुनकर आए जनप्रतिनिधिगण अपने आचरण और व्यवहार से जन आकांक्षाओं के अनुकूल आदर्श प्रस्तुत करें। देवनानी ने कहा कि विधान सभा सदन नियमों, परंपराओं व मर्यादाओं से चलता है। उन्होंने सभी दलों से सदन को शांतिपूर्वक चलाने में सहयोग करने और सार्थक बहस में अपनी बात समय सीमा में रखने के लिए कहा है। सोलहवीं राजस्थान विधान सभा के तृतीय सत्र की बैठकें शुक्रवार 31 जनवरी से आरम्भ होगी। इससे पहले बुधवार को विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में विधान सभा में सर्वदलीय बैठक संपन्न हुई। देवनानी ने कहा कि सोलहवीं राजस्थान विधान सभा का सदन नए कलेवर में तैयार हो गया है। सदन को वन-नेशन-वन एप्लीकेशन के तहत टेब लगाकर तैयार कर दिया गया है। सदन में सार्थक चर्चा और राज्यपाल अभिभाषण को पक्ष और प्रतिपक्ष के सभी सदस्यगण शांतिपूर्ण सुनने के लिए बैठक में सहमती बनी। देवनानी ने कहा कि सदस्य सदन में मर्यादित व्यवहार करें और वैल में नहीं आएं। सभी सदस्यों को नियमों के अनुसार बोलने का मौका मिलेगा। विधान सभा का सदन अधिक से अधिक दिन चले इसके लिए सभी दलों को सकारात्मक सोच रखनी होगी। उन्होंने कहा कि सदन को चलाने की जिम्मेदारी सोलहवीं विधान सभा के सभी सदस्यों की है। अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि सोलहवीं विधान सभा के 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब विधान सभा को प्राप्त हो गए है। देवनानी ने कहा कि यह शुभ लक्षण है। शेष रहे प्रश्नों के जवाब भी विधान सभा को शीघ्र प्राप्त हो जाएंगे। बैठक में विधान सभा को 90 प्रतिशत प्रश्नों के जवाब प्राप्त होने के लिए विधान सभा अध्यक्ष द्वारा किए गए प्रयासों की मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित सभी ने सराहना की। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि सभी दलों को चर्चा के लिए नियमानुसार समय आवंटित किया जायेगा। उन्होंने कहा है कि दोनों पक्षों के मुख्य सचेतक को विधान सभा सदन की समय सीमा के अनुसार ही आसन को बोलने वाले सदस्यों की सूची देनी होगी। समय सीमा में ही सदस्यों को अधिक से अधिक अपनी बात रखनी होगी। उन्होंने कहा कि यह दलों के नेताओं कि जिम्मेदारी होगी कि उनके दल का सदस्य सदन में अपनी बात को आवंटित समय में ही रखने का प्रयास करे। देवनानी ने कहा कि सभी सदस्यगण शालीनता से मुद्दे उठाये। देवनानी ने कहा कि यह सदन जनहित के मुद्दों पर चर्चा करने का पवित्र स्थल है। इस स्थल की गरिमा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रतिपक्ष अपनी बात रखें। प्रतिपक्ष को नियमों के अनुसार पूरा समय दिया जाएगा। राज्य सरकार भी प्रतिपक्ष द्वारा उठाये गए मुद्दों को गंभीरता से ले। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सदन में अपनी अपनी बात रखने के लिए पक्ष व प्रतिपक्ष के सभी सदस्यों की भावना एक समान ही होती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा सदस्यों की बातों को गम्भीरता से लिया जायेगा। सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निस्तारण भी कराया जायेगा। उन्होनें कहा कि स्वस्थ आलोचनाओं से कार्य में नवीन गति आती है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने आश्वस्त किया कि प्रतिपक्ष सदन संचालन में सहयोग करेगा। प्रतिपक्ष के सदस्य सदन में मर्यादापूर्ण व्यवहार से अपनी बात रखेंगे। उन्होंने कहा कि सदन चलाने की जिम्मेदारी पक्ष के साथ प्रतिपक्ष की भी है। संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि सदन संचालन में इस सर्वदलीय बैठक के दूरगामी सकारात्मक परिणाम दिखाई देंगे। बैठक में सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, प्रतिपक्ष के मुख्य सचेतक रफीक खान, बसपा के मनोज कुमार और रालोद के डॉ. सुभाष गर्ग भी मौजूद थे। बैठक में आए महत्वपूर्ण सुझाव-बैठक में सदन में पहले से चल रही पर्ची पर बोलने की व्यवस्था पर मंत्रियों से जवाब दिलाने पर भी चर्चा हुई। समितियों की रिपोर्ट पर बहस कराए जाने और अधिकारियों की सदन की अधिकारी दीर्घा में उपस्थिति को सुनिश्चित किए जाने के सुझाव भी आए। देवनानी ने सभी दलों के नेताओं को सदन के बदले स्वरूप का अवलोकन भी कराया।

## वृद्ध महिला को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाली नेपाली गैंग गिरफ्तार

**जयपुर ( हिंस )।** गांधी नगर थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) जयपुर पूर्व ने संयुकत कार्रवाई करते हुए वृद्ध महिला को बंधक बना कर लूटपाट करने वाली नेपाली के गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुकत जयपुर पूर्व तेजस्विनी गौतम ने बताया कि गांधी नगर थाना पुलिस और डीएसटी पूर्व ने 21 जनवरी को निवासी देवी पथ सोनी अस्पताल के पास की रहने वाली वृद्ध महिला मंजू देवी कोठारी को बंधक बनाकर लूटपाट करने वाले नेपाली गैंग के शातिर बदमाश मदकुल दमाई और दान बहादुर को गिरफ्तार किया है और साथ ही पारेख बहादुर शाही, निरंजन शाही, प्रवीण बहादुर, महिला आरोपी सावित्री सहित अन्य आरोपी को नामजद कर उनके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सोने-चांदी के जेवरात सहित तीन लाख 29 हजार रुपये की नकदी भी जब्त की है। अतिरिकत पुलिस उपायुकत जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी ने बताया कि गांधी नगर थाना इलाके में स्थित सोनी अस्पताल के पास देवी नगर में रहने वाली मंजू कोठारी (75) के घर में 21 जनवरी को वारदात हुई थी। लूट की वारदात में एक सप्ताह पहले रखी एक नेपाली नौकरानी सावित्री ने दो लोगों को घर पर बुलाया था। आरोपी सावित्री ने दो बदमाशों को घर में प्रवेश करवाया था। इस दौरान मंजू कोठारी और उनके दोनों नौकर अपने कमरों में थे। बदमाशों ने पहले दोनों नौकर फिर मंजू देवी के साथ मारपीट कर उन्हें बंधक बनाया और अलमारी को खोल कर सात लाख रुपए नगद और करीब 50 लाख रुपए के जेवरात और अन्य सामान लूट कर फरार हो गए थे।

## झूठ की राजनीति करने में माहिर हैं अरविंद केजरीवाल : प्रदीप सांगवान

**सोनीपत ( हिंस )।** बरोदा हलका से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य प्रदीप सांगवान ने जींद रोड गोहाना स्थित भाजपा कार्यालय पर जन समस्याएं सुनीं। इसके बाद पत्रकार वार्ता में कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल झूठ बोलने में माहिर हैं। अरविन्द केजरीवाल के द्वारा हरियाणा प्रदेश की सरकार पर यमुना के जल में ज़हर मिलाने के आरोप पर सांगवान ने सवाल किया कि अगर यमुना के जल में जहरमिलाया गया है, तो मछलियां जीवित कैसे रही हैं, दिल्ली जल बोर्ड के द्वारा रोके गए पानी वाला ब्यान भी सरासर झूठा है। प्रदीप सांगवान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी बताए तो कौन सी दीवार या बांध बनाकर जल रोका गया है। हरियाणा वासी यमुना को धार्मिक आस्था का केंद्र मानकर, स्नान व पूजा अर्चना करते हैं। केजरीवाल को विधानसभा चुनावों में अपनी हार का आभास हो गया है, इसीलिए प्रदेश की नायब सरकार के ऊपर झूठे आरोप लगा रहा है। इस अपने ब्यान को अरविंद केजरीवाल ने वापस लेकर प्रदेश वासियों से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेता अजीत सांगवान, जिला मीडिया सह प्रभारी डॉ. राममेहर राठी, जितेन्द्र शर्मा, सूरत सिंह, सरपंच रामनिवास सांगवान, जगदीप सचिव, कवंल मलिक, सरपंच सतपाल मान, मीनू मलिक, पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## घर आने-जाने के लिए रास्ता नहीं होने के कारण फरियादी ने मांगा हेलिकॉप्टर



**बाड़मेर ( हिंस )।** जिला कलेक्टर टीना डाबी की रात्रि चौपाल में एक फरियादी अजीबो-गरीब समस्या लेकर पहुंचा। खुद के घर जाने के लिए रास्ता नहीं होने पर उसने कलेक्टर मैडम से हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने की मांग कर दी। उसने कहा कि घर जाने के लिए कोई रास्ता नहीं है। एक रास्ता जो बंद कर दिया गया, अब या तो रास्ता खुलवा दे या हेलिकॉप्टर की व्यवस्था कर दीजिए। इस दौरान एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने पूछा कि इससे पहले हमारे पास क्यों नहीं आए। तब पीड़ित ने कहा कि वह कई बार उनके पास और राजस्व अधिकारियों के पास भी गया, लेकिन समाधान नहीं हुआ। कलेक्टर टीना डाबी मंगलवार को रात्रि चौपाल के लिए सेड़वा पहुंची। वहां पर लोगों की परिवेदनाएं सुनी। कलेक्टर ने भी पीड़ित को समझाया कि उसकी समस्या का हल कर दिया जाएगा। इसके बाद पीड़ित माना और वहां से आगे बढ़ा। कलेक्टर टीना डाबी की सेड़वा उपखंड मुख्यालय पर रात्रि चौपाल चल रही थी। कलेक्टर परिवादियों की परिवेदनाएं सुन रही थीं। इस दौरान बाधा जोरापुरा गांव निवासी मांगीलाल पुत्र हुकमाराम परिवाद लेकर पहुंचा। उसमें हेलिकॉप्टर की व्यवस्था करवाने को लेकर लिखा हुआ था। उसमें लिखा कि मेरे घर पर आने-जाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मेरी फसलें खेत में पड़ी है। उसको वहां से कही ले जा नहीं सकता, घर में अगर कोई बीमार हो जाता है तो उनको गाड़ी में नहीं ले जा सकते है, चारपाई पर उठाकर ले जाना पड़ता है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि प्राइमरी स्कूल फुलासर से खंगारोंणी डइयालों की ढाणी तक पैमाइश के समय से रास्ता कटान है। मैंने एसडीएम को खुलवाने के लिए प्रार्थना-पत्र पेश किया था। तब पुलिस की मदद से रास्ता खुलवाया गया था, लेकिन रास्ते पर टीचर खेराजराम पुत्र कानाराम पीटीआई ने अतिक्रमण कर लिया है, तथा रास्ते की भूमि पर जीरा की फसल लगा दी। एसडीएम बद्रीनारायण विश्नोई ने कहा कि इस पूरे मामले की जांच करेंगे। साथ ही शिक्षा विभाग को पीटीआई को पाबंद करने के निर्देश दिए है। सात-आठ दिन में रास्ता खुलवाने का पीड़ित को आश्वासन दिया गया है। फरियादी मांगीलाल ने बताया कि मेरे जन्म से पहले से हमारा घर बना हुआ है। करीब-करीब 50 साल हो गए है। मेरा घर भारत माला हाईवे (सेड़वा से बाखासर) से आधा किलोमीटर दूर है। कटान रास्ता है। जिसे तीन साल से यूज कर रहे थे। लेकिन चार-पांच माह पहले पीटीआई ने बंद कर दिया।

## मौनी अमावस्या पर तीन जगद्गुरु शंकराचार्यों ने एक साथ संगम में लगाई डुबकी



**महाकुंभनगर ( हिंस )।** महाकुंभ में पहली बार द्वारका के शंकराचार्य स्वामी सदानंद, श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य विदुशेखर भारती और स्वामी अविमुकतेश्वरानंद सरस्वती ने संगम में एक साथ डुबकी लगाई। साथ में मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगिराज सरकार भी रहे। मौनी अमावस्या पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुकतेश्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा-रात में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और सभी दुखी हैं, लेकिन हमें सतर्क रहना चाहिए कि भविष्य में ऐसी कोई घटना न हो। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे धैर्य रखें और कुंभ क्षेत्र में कहीं भी पवित्र स्नान करें। ऐसा कोई विशेष स्थान नहीं है, जहां श्रद्धालु डुबकी लगाने के लिए एकत्र हों।

## हरियाणा विधानसभा देखने पहुंचे पूर्वोत्तर के विद्यार्थी, स्पीकर ने किया स्वागत

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को विधानसभा परिसर में राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा-2025 में शामिल विद्यार्थियों के जत्थे का स्वागत किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आयोजित इस यात्रा में पूर्वोत्तर के छात्र-छात्राएं शामिल हैं। यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से पूर्वोत्तर राज्यों का दूसरे राज्यों के साथ सांस्कृतिक मूल्यों का आदान-प्रदान करना है। यात्रा में मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, असम, त्रिपुरा, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम के 31 विद्यार्थी शामिल हैं। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने यात्रा में शामिल विद्यार्थियों से बातचीत की तथा भविष्य के बारे में उनकी योजना के बारे में जानकारी ली। कल्याण ने कहा कि युवा हमारे देश का भविष्य है, इसलिए उनका स्वयं का भविष्य उज्ज्वल होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कैरियर के साथ-साथ देश के लिए कुछ विशेष करने के बारे में भी योजना बनानी चाहिए। विद्यार्थी जितना बड़ा सपना देखेंगे, उनकी उड़ान उतनी ही ऊंची होगी। इस दौरान एबीवीपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री गौरव अत्री ने बताया कि विविधता में एकता के मूलमंत्र को लेकर 1966 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने देश के दूरदराज सीमावर्ती क्षेत्रों के बीच भावनात्मक एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्तरराज्यीय छात्र जीवन दर्शन के नाम से इस अभिनव प्रकल्प की शुरुआत की थी। एसईआईएल के नाम से देशभर में परिचित यह प्रकल्प अत्यन्त सरल किन्तु अत्यधिक प्रभावी है। इसका उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में परस्पर संवाद से अंतर को मिटाना है। जीवन की विविधताओं में निहित जीवनशैलियों की एकता, विशेष रूप से सीमावर्ती प्रदेश के लोगों और देश के अन्य भू-प्रदेश में रहने वाले लोगों की भावनात्मक और सांस्कृतिक एकता को निरूपित करना है। दूरस्थ इलाकों एवं वहां रहने वाले लोगों में एक अपूर्व जागरूकता और अपनेपन की भावना भी इस यात्रा के माध्यम से जग रही है।

## जयपुर एयरपोर्ट पर सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किया गया सेफ्टी रन का आयोजन

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सात दिवसीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2025 के समापन पर दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ में हवाई अड्डे के हितधारकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। दौड़ में भाग लेने के लिए सीआईएसएफ, हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयरलाइन कर्मचारियों सहित सैकड़ों प्रतिभागी सुबह-सुबह एकत्र हुए। सेफ्टी रन के बाद जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 पर सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में अतिरिकत पुलिस आयुकत, यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने उन क्षेत्रों में यातायात दुर्घटनाओं में कमी पर व्यावहारिक आंकड़े साझा किए जहां सड़क सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया गया था।

## सांसद और उसके समर्थकों ने पत्रकार को पीटा, दी भद्दी भद्दी गालियां



**भागलपुर ( हिंस )।** भागलपुर हवाई अड्डे के समीप सड़क किनारे बुधवार को भागलपुर के जदयू सांसद अजय मंडल और उनके समर्थकों की दबंगई देखने को मिली। सांसद और उनके समर्थकों ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के दो पत्रकारों के साथ मारपीट की। साथ ही भद्दी भद्दी गालियां दी। जिसे खबर में नहीं लिखा जा सकता है। सांसद और उनके समर्थकों ने पत्रकारों को दौड़ा-दौड़ा कर सड़क पर लात घूसे से जमकर पीटा। इस दौरान वहां मौजूद पुलिस तमाशबीन बनी रही। पत्रकार कुणाल शेखर और सुमित कुमार का दोष इतना ही था कि उन्होंने संसद की गाड़ी में बैठे कार्यकर्ताओं की वीडियो बनाने की कोशिश की। सांसद लिखे गाड़ी में सांसद खुद मौजूद नहीं थे। बल्कि उनके समर्थक और कुछ कार्यकर्ता मौजूद थे। इस घटना में चोटिल हुए पत्रकार कुणाल शेखर को मायागंज अस्पताल इलाज के लिए ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे छुट्टी दे दी। कुणाल शेखर ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर वह और सुमित हवाई अड्डा के समीप समाचार संकलन कर रहे थे। तभी हवाई अड्डे की गेट पर संसद की बोर्ड लगी गाड़ी आई। लेकिन उस गाड़ी में संसद नहीं थे। उसे गाड़ी को पुलिस ने रोक लिया। फिर वह गाड़ी वापस चली गई। कुछ देर बाद सांसद अपने समर्थकों के साथ आए और हम लोगों के साथ मारपीट की। उन्होंने गंदी-गंदी गालियां भी दी। जिसको हम बात नहीं सकते हैं। कुणाल ने कहा कि इस संबंध में हम लोग प्राथमिक की दर्ज कराएंगे। हालांकि इस घटना के बाद जिले के पत्रकारों में काफी रोष है। पत्रकारों का कहना है की इस तरह की घटना पत्रकारों के साथ नहीं होना चाहिए। वहीं विभिन्न राजनीतिक दलों के पद धारकों ने भी इस घटना की कड़ी निंदा की है।

## महाकुंभ में श्रद्धालुओं की मौत पर राजस्थान के नेताओं ने संवेदना जताई



**जयपुर ( हिंस )।** प्रयागराज में महाकुंभ में देर रात मारे गए करीब 17 श्रद्धालुओं की मौत के बाद राजस्थान के नेताओं ने संवेदना व्यकत की है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल ने शोक संवेदना व्यकत की है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक्स पर लिखा कि प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भगदड़ से कई श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई श्रद्धालुओं के घायल होने का समाचार बेहद कष्ट देने वाला है। मैं ईश्वर से दिवंगतजनों को श्रीचरणों में स्थान एवं घायलों को जल्द स्वास्थ्य लाभ देने की प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने लिखा कि महाकुंभ में संगम घाट पर मची भगदड़ में कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की ख़बर अत्यंत दु:खद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। दिवंगतों के परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना हैं, ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने लिखा कि महाकुंभ में संगम घाट पर मची भगदड़ में कई श्रद्धालुओं के हताहत होने की ख़बर अत्यंत दु:खद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। दिवंगतों के परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदना हैं, ईश्वर उन्हें संबल प्रदान करे। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने लिखा कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान संगम तट पर हुई दुर्भाग्यपूर्ण भगदड़ में श्रद्धालुओं की मृत्यु एवं कई लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को इस कठिन समय में संबल दें। साथ ही, घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूँ। महाकुंभ में पधारे सभी श्रद्धालुओं से विनम्र अपील है कि वे शांति एवं संयम बनाए रखें, अनावश्यक भीड़भाड़ से बचें तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। महाकुंभ में पुण्य स्नान के लिए राजस्थान से हजारों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे थे। कोटा, बारां, अलवर समेत कई जिलों से रोडवेज स्लीपर बसों की सेवा शुरू की गई थी, जिनकी बुकिंग पहले ही दिन फुल हो गई थी। इस बड़े हादसे के बाद अब परिजनों की बेचैनी बढ़ गई है। कई लोगों के फोन नहीं लगने से उनके परिवार वालों की चिंता बढ़ गई है।

## ग्रीन कॉरिडोर बनाकर मिनट टू मिनट दौड़ने लगीं 50 से अधिक एंबुलेंस



**महाकुंभनगर ( हिंस )।** योगी सरकार की आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं और तत्परता की वजह से बड़े हादसे को सीमित कर दिया। घटना में प्रभावित लोगों को बचाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर बनाकर दो से तीन मिनट के भीतर 50 से अधिक एंबुलेंस संगम नोज पर पहुंच गईं। लोगों की जान बचाने के लिए एंबुलेंस से 100 से अधिक राउंड लगाए गए। इसके साथ ही दो से तीन मिनट के भीतर एक्सपर्ट डॉक्टरों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला। इस मौके पर एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस टीम भी चिकित्सकों के साथ घायलों की मदद में जुटी रही। महाकुंभ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि महाकुंभनगर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों का उपचार किया। इसमें योगी सरकार की आपातकालीन एंबुलेंस सेवा की बड़ी भूमिका रही। हादसे के बाद ग्रीन कॉरिडोर बनाकर एंबुलेंस पूरी रफ्तार से घटनास्थल तक पहुंचाई गईं। सिर्फ दो से तीन मिनट के भीतर एक्सपर्ट डॉक्टर और मेडिकल टीम ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार शुरू कर दिया। 50 से अधिक एंबुलेंस ने बिना रुके फर्राटा भरी और घायलों को तत्काल केंद्रीय अस्पताल पहुंचाया। घटनास्थल पर ही घायलों को प्राथमिक उपचार देने के बाद गंभीर मरीजों को सेंट्रल हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां उनका इलाज किया गया। जिसके बाद मरीजों को रवाना कर दिया गया। जरूरत पड़ने पर कुछ मरीजों को स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल या तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय (बेली अस्पताल) शिफ्ट किया गया। पुलिस, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीमों ने भी चिकित्सा सहायता के लिए एंबुलेंस के मूवमेंट में सहयोग दिया। ग्रीन कॉरिडोर ने एंबुलेंस को हर लोकेशन पर मिनटों में पहुंचने में मदद की।

## महाकुंभ भगदड़ में बलिया की चार महिलाओं की मौत

**बलिया ( हिंस )।** प्रयागराज महाकुंभ के दौरान हुई भगदड़ में जिले की चार महिला श्रद्धालुओं की मौत खबर आ रही है। ये खबर जब उनके परिजनों के पास पहुंची तो कोहराम मच गया। हालांकि पुलिस और प्रशासन की ओर से इसकी पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। मरने वालों में फेफना थाना क्षेत्र के नसीराबाद गांव की रीना देवी (35) और उनकी बेटी रोशनी (12) हैं। रीना के परिवार से जुड़े नारायण पटेल ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रीना के साथ उनका बेटा भी स्नान करने के लिए प्रयागराज गया था। ये लोग मंगलवार दोपहर में बलिया रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़ कर प्रयागराज गए थे। बुधवार को मेरे बेटे ने जब यह सूचना दी तो हम सभी स्तब्ध है। हमें बताया गया कि प्रयागराज में पोस्टमार्टम की कार्रवाई चल रही है।

## संस्कृति का रक्षक है संस्कृत भाषा : स्वामी हरदेवानंद सरस्वती



**पूर्वी चंपारण ( हिंस )।** संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का सबसे बड़ा रक्षक है। ऐसे में संस्कृत भाषा की रक्षा करना हम सबका परम कर्तव्य है उकत बातें संग्रामपुर प्रखंड के समीप अवस्थित ऋषिकुल आश्रम में संस्कृत के उपशास्त्री व महाविद्यालय के दाता सदस्य सह मठाधीश श्री श्री 108 स्वामी हरदेवानंद सरस्वती ने बुधवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर आयोजित संस्कृत संभाषण के दौरान महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को संबोधित करते हुए कही। स्वामी जी ने कहा कि संस्कृत से ही संस्कार बनता है और जिनके संस्कार उत्तम होते है उन्हीं से संस्कृति की रक्षा भी होती है। महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्रनाथ द्विवेदी ने कहा कि जो अपने संस्कार और संस्कृति की रक्षा करना चाहते हैं उन्हें संस्कृत से जरूर लगाव होना चाहिए। सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी संस्कृति को बचाना ही सही संस्कार है। वहीं शिक्षक मुकुल कुमार पांडेय ने बताया कि संस्कृति की रक्षा के लिए गांव-गांव घूम कर संस्कृत का प्रचार प्रसार जरूरी है ताकि भटके हुए बच्चे संस्कृत से जुड़कर संस्कृति की रक्षा कर सकें और अपने संस्कारों में सुधार ला सकें। महाविद्यालय की छात्रा अनामिका एवं श्रेया ने बताया कि संस्कृत में ही सभी वेद पुराणों की रचना की गई है। इसलिए इसको बचाना हमारा परम कर्तव्य है। संस्कृत पढ़ने बोलने और सुनने में भी अच्छा लगता है इसलिए इसे बचाना हमारा परम कर्तव्य है। महाविद्यालय के अन्य छात्रों ने भी अपने-अपने विचार व्यकत किए। सभा को स्थानीय अभिभावक शिक्षक रंजीत कुमार तिवारी, ओंकार नाथ तिवारी, अखिलेश मिश्रा, पूर्व सरपंच पप्पू कुमार मिश्र, ने भी संबोधित किया। मौके पर विवेक कुमार पाण्डेय, शुभम चौबे, गोपाल उपाध्याय, शिवम कुमार पांडे, आनंद कुमार, मधुरेंद्र कुमार, सूरज कुमार, अंकित कुमार, आर्यन कुमार, राहुल कुमार सहित कई मौजूद थे।




# कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने हथकरघा सम्मेलन-मंथन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली

**केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में जनपथ स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में हथकरघा सम्मेलन-मंथन का उद्घाटन करने के बाद हथकरघा क्षेत्र से आधुनिकता, परंपरा और नवीनता के साथ प्रीमियम बाजारों को लक्षित करने का आग्रह किया।**

उन्होंने हथकरघा बुनकर ई-पहचान पोर्टल और हथकरघा पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन मॉड्यूल का भी शुभारंभ किया।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री ने कहा कि उभरते ई-कॉमर्स बाजार को लक्षित करने के लिए हथकरघा उत्पादों की टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल प्रकृति, प्राकृतिक रंगाई, जैविक फाइबर के लाभ और हथकरघा उत्पादों के डिजाइन की विशिष्टता के बारे में व्यापक जागरुकता पैदा करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक ई-कॉमर्स के 325 अरब डॉलर का बाजार बनने की उम्मीद है। गिरिराज सिंह ने संगठित या कॉरपोरेट क्षेत्र में कार्यरत कपड़ा उद्योग से हथकरघा बुनकरों के लिए सामाजिक सुरक्षा और उचित पारिश्रमिक सुनिश्चित करते हुए स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए एक मॉडल विकसित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि कपड़ा मंत्रालय कॉरपोरेट्स, उत्पादक कंपनियों, स्टार्ट-अप्स के लिए पुरस्कार शुरू करेगा, जो हथकरघा उद्योग के लिए ऐसा मॉडल तैयार करेगा और हथकरघा बुनकरों को साल में न्यूनतम 300 दिन का स्थायी रोजगार प्रदान करेगा। केंद्रीय विदेश एवं कपड़ा राज्य मंत्री पबित्र मार्गेरिटा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हथकरघा उत्पाद हमारे देश की सांस्कृतिक विरासत के जीवंत प्रमाण हैं। उन्होंने हथकरघा उद्योग को एक जीवंत क्षेत्र के रूप में पुनर्जीवित करने के महत्व पर भी प्रकाश डाला जो युवा पीढ़ी को आकर्षित करने के लिए उचित आय प्रदान करता है। कपड़ा मंत्रालय के सचिव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कॉन्क्लेव-मंथन एक चिंतन शिविर है, जो विपणन अवसरों की उपलब्धता और हथकरघा बुनाई से युवाओं के पलायन के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए हितधारकों के साथ संवाद स्थापित करने का मंत्रालय का एक प्रयास है। उन्होंने आधुनिक शिक्षा और पारंपरिक ज्ञान के बीच तालमेल बनाने पर भी बल दिया।

## न्यूज ब्रीफ

### मारुति सुजुकी इंडिया को तीसरी तिमाही में 3,727 करोड़ रुपये का मुनाफा, अकटूबर-दिसंबर तिमाही में शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** देश की दिग्गज कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमआईएस) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 16 फीसदी बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। कंपनी को पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में 3,207 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। मारुति सुजुकी इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 38,764 करोड़ रुपये हो गई, जो विगत वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि में 33,513 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने सुजुकी मोटर गुजरात को मोटर वाहन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी में विलय करने की योजना को मंजूरी दे दी है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के निदेशक मंडल ने हिसाशी ताकेउची को 1 अप्रैल, 2025 से तीन वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के रूप में फिर से नियुक्त करने के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है।

### एमएनआरई ने सौर फोटोवोल्टिक उत्पादों के लिए संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश अधिसूचित किया



**नई दिल्ली।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने सौर फोटोवोल्टिक उत्पादों के लिए संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश को अधिसूचित किया है। यह संशोधित आदेश प्रकाशन की तारीख से 180 दिनों के बाद प्रभावी होगा। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) अधिनियम, 2016 के तहत 27 जनवरी को अधिसूचित राजपत्र में मौजूदा सौर फोटोवोल्टिक्स, प्रणाली, उपकरण और घटक वस्तु (अनिवार्य पंजीकरण के लिए आवश्यकताएं) आदेश, 2017 को संशोधित किया गया है। इस आदेश में सौर पीवी मॉड्यूल, सौर पीवी अनुप्रयोगों में उपयोग किए जाने वाले इनवर्टर और स्टोरेज बैटरी शामिल हैं। मंत्रालय ने कहा कि अधिक जानकारी एमएनआरई की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ली जा सकती है। संशोधित आदेश भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया है, जो प्रकाशन की तारीख से 180 दिनों के बाद लागू होगा। संशोधित गुणवत्ता नियंत्रण आदेश सभी संबंधित हितधारकों-सौर पीवी मॉड्यूल निर्माताओं, इन्वर्टर निर्माताओं, भंडारण बैटरी निर्माताओं, उत्पादों के लिए परीक्षण प्रयोगशालाओं, राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई) और बीआईएस के साथ 24 महीने से अधिक समय तक उचित परामर्श के बाद अधिसूचित किया गया है।

### ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशिया में सीमित कारोबार



**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मजबूती के साथ कारोबार करके बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में सीमित कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों पर फैसला लेने वाला है। फेडरल रिजर्व के फैसले के पहले अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,065.20 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 377.28 अंक यानी 1.95 प्रतिशत उछल कर 19,719.11 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 44,892.40 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है।

# लगातार दूसरे दिन शेयर बाजार में मजबूती बढ़त के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी


**निवेशकों को 1 दिन में 7.94 लाख करोड़ का मुनाफा**

नई दिल्ली

मजबूत ग्लोबल संकेतों और आईटी सेक्टर में आई तेजी के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार दूसरे दिन मजबूती के साथ बंद हुआ। इंडेक्स शेयरों के अलावा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी जोरदार तेजी का रुख बना रहा, जिसके कारण निवेशकों को एक दिन में ही करीब 8 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। हालांकि, शुरुआती कारोबार में मुनाफा वसूली का दबाव बनने के कारण कुछ देर के लिए सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने के कारण इन दोनों सूचकांकों ने रफ्तार पकड़ ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, मेटल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर खरीदारी होती रही। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, फार्मास्यूटिकल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहे। दूसरी ओर, एफएमसीजी सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 2.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 3.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 8 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 416.94 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 409 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को के कारोबार से करीब 7.94 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,082 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,979 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,009 शेयरों में गिरावट का रुख रहा और 94 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में 2,558 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,152 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 406 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 24 शेयर बढ़त के साथ और 6 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 236.83 अंक की तेजी के साथ 76,138.24 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण ये सूचकांक फिसल कर 75,975.80 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि, थोड़ी देर बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। लगातार जारी खरीदारी के सपोर्ट से का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 698.32 अंक की मजबूती के साथ 76,599.73 अंक तक पहुंचने में सफल रहा। अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट के कारण हुई बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 631.55 अंक की बढ़त के साथ 76,532.96 अंक के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 69.50 अंक उछल कर 23,026.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये सूचकांक ओपनिंग लेवल से करीब 50 अंक लुढ़क कर 22,976.50 अंक तक आ गया, लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में भी तेजी आ गई। लगातार जारी लिवाली के सपोर्ट से का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 226.10 अंक की मजबूती के साथ 23,183.35 अंक तक पहुंच गया। दिन भर की खरीद बिक्री के बाद निफ्टी ऊपरी स्तर से करीब 20 अंक टूट कर 205.85 अंक की बढ़त के साथ 23,163.10 के स्तर पर बंद हुआ। पूरे दिन के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से श्रीराम फाइनेंस 4.41 प्रतिशत, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स 3.47 प्रतिशत, टाटा मोटर्स 3.33 प्रतिशत, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस 2.92 प्रतिशत और विप्रो 2.92 प्रतिशत की मजबूती के साथ के टॉप 5 गेनर्स की सूची में शामिल हुए। दूसरी ओर मारुति सुजुकी 1.20 प्रतिशत, भारती एयरटेल 1.11 प्रतिशत, एशियन पेंट्स 0.83 प्रतिशत, आईटीसी 0.48 प्रतिशत और ब्रिटानिया 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ के टॉप 5 लूजर्स की सूची में शामिल हुए।




# डेंटा वाटर की स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट लेवल पर पहुंचे शेयर



नई दिल्ली

वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स पर काम करने वाली कंपनी डेंटा वाटर की आज स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री हुई। कंपनी के शेयर 294 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई में इसकी लिस्टिंग 330 रुपये के स्तर पर और एनएसई में 325 रुपये के स्तर पर हुई। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को करीब 12 प्रतिशत का लिस्टिंग गेन मिल गया। लिस्टिंग के बाद खरीदारी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 346.45 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 17.84 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है। डेंटा वाटर का 220.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 24 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 221.54 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 236.94 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 507.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 90.38 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 75 लाख नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरत को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 38.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 50.11 करोड़ और 2023-24 में 59.73 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 42 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़ कर 241.84 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 24.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस तरह इस अवधि में कंपनी 98.51 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।

## केंद्र ने लेबलिंग प्रावधानों में संशोधनों के अनुपालन के लिए समय-सीमा की घोषणा की

उपभोक्ता मामले विभाग
DEPARTMENT OF
CONSUMER AFFAIRS
सत्यमेव जयते

केंद्र सरकार ने लेबलिंग प्रावधानों में संशोधनों के अनुपालन के लिए संरचित समय-सीमा की घोषणा की है। यह निर्णय लेबलिंग संशोधनों के अनुपालन के लिए सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करता है, तथा व्यवसायों को अनुकूलन के लिए पर्याप्त समय प्रदान करता है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि व्यापार और उपभोक्ता संरक्षण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की दिशा में एक कदम के रूप में केंद्र ने विधिक माप विज्ञान (पैकेज्ड कमोडिटीज) नियम, 2011 के तहत संशोधनों को लागू करने के लिए एक संरचित समय-सीमा पेश की है। मंत्रालय के मुताबिक नए ढांचे के तहत लेबलिंग प्रावधानों में कोई भी संशोधन किसी दिए गए वर्ष की एक जनवरी या 1 जुलाई को प्रभावी होगा। यह अधिसूचना की तारीख से 180 दिनों की न्यूनतम नोटिस अवधि के अधीन होगा। इसको संरचित दृष्टिकोण उपभोक्ता हितों की रक्षा करते हुए व्यवसायों के लिए स्पष्टता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# भारत और इंडोनेशिया दस साल में बढ़ा सकते हैं चार गुना व्यापार

**दोनों सांस्कृतिक, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में हैं मददगार**

नई दिल्ली



भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का है और यह एक दशक में चार गुना और बढ़ सकता है। यह दावा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख अनिंद्य बाकरी ने किया। उन्होंने कहा कि भारत और इंडोनेशिया प्रभावी तरीके से विश्व की सेवा करेंगे। विनिर्माण व बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर केंद्रित कंपनी बाकरी एंड ब्रदर्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंध, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में मददगार हैं।

इंडोनेशिया, दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश है। बाकरी व्यापार संबंधों पर चर्चा करने के लिए पीएम मोदी से मिलने वाले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति के प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि यह संबंध अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है। व्यापार और निवेश के मामले में 30 अरब अमेरिकी डॉलर का मौजूदा व्यापार अब भी बहुत कम है। अगर सही तरीके से प्रबंधन किया जाए तो यह 10 साल में चार गुना हो सकता है।

बाकरी ने कहा कि ज्यादा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि हम विश्व की सेवा के लिए एक साथ कैसे काम कर सकते हैं, चाहे विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, औषधि, शिक्षा या ऊर्जा बदलावज्कोई भी क्षेत्र हो। भारत और इंडोनेशिया के इस साल व्यापार और निवेश पर कार्य समूह की दूसरी बैठक और व्यापार में लंबित शुल्क व गैर-शुल्क बाधाओं के समाधान के लिए व्यापार मंत्रियों के चौथे द्विवार्षिक मंच की बैठक आयोजित करने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया और भारत एक साथ मिलकर बहुत अच्छी तरह से आगे बढ़ सकते हैं और सांस्कृतिक इतिहास निश्चित रूप से इसमें मदद करता है। बाकरी ने कहा कि रक्षा एक ऐसा क्षेत्र है जिस पर हमारे राष्ट्रपति ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें भारत उत्कृष्ट है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत और इंडोनेशिया दोनों की रणनीतिक स्थिति को देखते हुए मुझे आश्चर्य नहीं है कि इससे नौकरियां उत्पन्न हो सकती हैं और व्यापार में ज्यादा संतुलन हो सकता है।

# रेक्सप्रो एंटरप्राइजेज ने निवेशकों को किया निराश, कमजोर लिस्टिंग के बाद लगा लोअर सर्किट

नई दिल्ली

**फर्नीचर का कारोबार करने वाली कंपनी रेक्सप्रो एंटरप्राइजेज ने आज स्टॉक मार्केट में अपने निवेशकों को काफी निराश किया। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर कंपनी के शेयर 19.31 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ लिस्ट हुए। लिस्टिंग के थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण ये शेयर लोअर सर्किट लेवल पर आ गया।**

आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 145 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एसएमई प्लेटफॉर्म पर शेयरों की 19.31 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 117 रुपये के स्तर पर लिस्टिंग हुई।




लिस्टिंग के तुरंत बाद कंपनी के आईपीओ निवेशकों को डबल शॉक उस समय लगा, जब ये शेयर टूट कर 111.15 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर आ गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 23.34 प्रतिशत का नुकसान हो चुका है। रेक्सप्रो इंटरप्राइजेज का 53.65 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 24 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को खुदरा निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 17.67 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इसमें खुदरा निवेशकों के लिए रिजर्व पोर्शन 27.12 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 47.13 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 4.50 लाख शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। कंपनी इस आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल फैक्ट्री का रिनोवेशन करने, इक्विपमेंट की खरीदारी करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी।

कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक साल 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 722 प्रतिशत उछलकर 5.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। इस दौरान कंपनी का राजस्व 32 प्रतिशत बढ़ कर 83.01 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर के बीच कंपनी को 4.08 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस अवधि में कंपनी 49.56 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त कर चुकी है।



# टाटा स्टील शतरंज : राउंड 9 में गुकेश ने मेंडोंका को हराकर बढ़त बनाई

नई दिल्ली

**नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में चल रहे टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में भारतीय ग्रैंडमास्टर डी. गुकेश ने हमवतन लियोन ल्यूक मेंडोंका को मात देकर एकमात्र लीडर के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।**

गुकेश, जो हाल ही में सबसे कम उम्र के विश्व शतरंज चैंपियन बने हैं, ने 43 चालों में अपनी चौथी जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ, वे 10वें दौर में प्रवेश करने वाले एकमात्र लीडर बने, जिनके पास संभावित नौ में से 6.5 अंक हैं। दूसरी ओर, आर. प्रज्ञानानंद, जो नौवें राउंड में लीडर के रूप में आए थे, स्थानीय दिग्गज अनीश गिरी से हार गए। उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव अब प्रज्ञानानंद से आगे निकल गए, जिससे वे चौथे स्थान पर पहुंच गए।

### आने वाले मुकाबले और खिलाड़ियों की स्थिति

गुकेश के आगामी चार मुकाबलों में दो डच खिलाड़ी, मैक्स वार्मरडैम (2646 रेटिंग) और जॉर्डन वैन फॉरेस्ट (2680) शामिल हैं। इसके अलावा, उन्हें गत विजेता चीन के वेई यी (2751) से भी चुनौती मिलेगी।

मेंडोंका के लिए टूर्नामेंट कठिन साबित हो रहा है, क्योंकि उन्होंने अभी तक कोई जीत दर्ज नहीं की है।

### अगले मुकाबले वैन फॉरेस्ट और अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ

उनके खाते में पांच ड्रॉ और चार हार हैं। साथी भारतीय अर्जुन एरिगैसी, जो 2801 की एलो रेटिंग के साथ इस टूर्नामेंट में प्रमुख दावेदारों में से एक थे, का भी अब तक निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। उनके अगले मुकाबले वैन फॉरेस्ट और अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ होंगे, जबकि टूर्नामेंट का समापन गुकेश के खिलाफ एक अहम अखिल भारतीय मुकाबले के रूप में होगा।

### चैलेंजर्स सेक्शन में भारतीय प्रदर्शन

चैलेंजर्स सेक्शन में, आर. वैशाली और दिव्या देशमुख ने नौवें राउंड में ड्रॉ खेला। वैशाली अब स्टैंडिंग में आठवें स्थान पर हैं, जबकि दिव्या एक जीत और दो ड्रॉ के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वैशाली छह अंकों के साथ 14 प्रतियोगियों में आठवें स्थान पर बनी हुई हैं।

गुकेश की शानदार लय और भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर अब सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि टूर्नामेंट के अंतिम राउंड बेहद महत्वपूर्ण साबित होने वाले हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उपविजेता रहे मुरादाबाद के यशपाल अरोड़ा

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद निवासी टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता की डबल्स



श्रेणी में उपविजेता का खिताब हासिल किया। 18 जनवरी से 28 जनवरी हरियाणा के झज्जर जिले में (एमटी-400) टेनिस टूर्नामेंट-2025 का आयोजन हुआ था। मुरादाबाद लौटे टेनिस खिलाड़ी यशपाल अरोड़ा ने बुधवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय टेनिस प्रतियोगिता में उन्होंने 60 प्लस से अधिक आयु वर्ग में सिंगल एवं डबल्स श्रेणी में भाग लिया। सिंगल्स में चंडीगढ के एसएन वशिष्ठ खिलाड़ी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल में उन्हें नंबर एक खिलाड़ी चंद्र भूषण से शानदार मुकाबले में 1-6 और 4-6 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। वहीं डबल्स में उन्होंने लकपा शेरपा (दार्जलिंग) के साथ जोड़ी बनाई। क्वार्टर फाइनल में शंकर देव मिश्रा और शिबू मैथ्यूज की जोड़ी को 6- 3 और 6-2 के स्कोर से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद यह जोड़ी फाइनल में पहुंची। फाइनल में मुकाबला शरद टाक एवं अरुण की जोड़ी से हुआ और 3-6 और 3-6 के स्कोर से यशपाल व शेरपा को हार मिली। उन्हें उपविजेता ट्रॉफी से संतोष करना पड़ा। यशपाल ने बताया कि अगला टूर्नामेंट 29 जनवरी से मुंबई में आयोजित हो रहा है। इसमें भी वह प्रतिभाग करेंगे।


### स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 10,000 टेस्ट रन, यह उपलब्धि हासिल करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बने



**गाले।** ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन पूरे करने वाले चौथे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने यह उपलब्धि श्रीलंका के खिलाफ गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बुधवार को हासिल की। स्मिथ से पहले रिकी पोंटिंग, एलन बॉर्डर और स्टीव वॉ इस ऐतिहासिक क्लब में शामिल हो चुके हैं। उन्होंने अपने 115वें टेस्ट में यह मील का पत्थर छुआ, जिससे तेजी से यह आंकड़ा पार करने के मामले में वह ब्रायन लारा के बाद दूसरे स्थान पर हैं। सक्रिय खिलाड़ियों में स्मिथ जो रूट (12,972 रन) के बाद दूसरे सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलिया की मजबूत शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। समाचार लिखे जाने तक ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट के नुकसान पर 239 रन बना लिए थे। उस्मान ख्वाजा 102 रन और स्टीव स्मिथ 59 रन बनाकर नाबाद हैं। वहीं, ट्रेविस हेड ने 57 रनों की अहम अर्धशतकीय पारी खेली।

### आईसीसी में बड़ा बदलावः मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस ने छोड़ा पद

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) में चल रहे उथल-पुथल के बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने



आया है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ज्योफ एलार्डिस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। आईसीसी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि नए सीईओ की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। आईसीसी में पिछले साल नवंबर से ही प्रशासनिक बदलाव का दौर चल रहा था, जब दो शीर्ष अधिकारियों को हटाया गया था। एलार्डिस का इस्तीफा इसी कड़ी में एक बड़ा झटका माना जा रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले साल हुए ट्वेंटी-20 विश्व कप में गड़बड़ियों के कारण प्रशासन पर सवाल उठे थे। वहीं, आगामी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में भी कई अड़चनें आई हैं, जिससे जवाबदेही के मुद्दे उठाए जा रहे हैं। चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों को लेकर विवाद आईसीसी ने अपने बयान में कहा कि एलार्डिस ने पद छोड़ने का निर्णय स्वयं लिया है। हालांकि, हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में उनकी भूमिका की जांच हो रही थी। भारतीय टीम की संभावित गैर-भागीदारी का मुद्दा लंबे समय तक अनसुलझा रहा, जिससे टूर्नामेंट की योजनाओं पर असर पड़ा। इसके अलावा, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शेड्यूल जारी करने में देरी सहित कई मुद्दों को लेकर आईसीसी को पत्र लिखा था। ब्रॉडकास्टिंग पार्टनर स्टार स्पोर्ट्स ने भी टूर्नामेंट के शेड्यूल में लगातार देरी पर आपत्ति जताई थी और आईसीसी को उसके अनुबंधीय दायित्वों की याद दिलाई थी। एलार्डिस का कार्यकाल और भविष्य की राह ऑस्ट्रेलियाई मूल के ज्योफ एलार्डिस 2012 में आईसीसी से जुड़े थे और क्रिकेट के महाप्रबंधक के रूप में अपनी भूमिका निभाते रहे। नवंबर 2021 में उन्हें सीईओ नियुक्त किया गया था। हालांकि, उनके नेतृत्व को अपेक्षाकृत कमजोर माना गया और हाल के विवादों के बाद उनके इस्तीफे की अटकलें तेज हो गई थीं।

# लीजेंड 90 लीग : सभी टीमों की घोषणा रायपुर में 6 फरवरी से होगी भिड़ंत

रायपुर

रायपुर में 6 से 18 फरवरी तक होने वाली लीजेंड 90 लीग में हिस्सा लेने वाली सभी टीमों की घोषणा कर दी गई है। इस अनूठे टी-10 प्रारूप की लीग में पूर्व भारतीय दिग्गजों के साथ-साथ विदेशी क्रिकेट सितारे भी खेलते नजर आएंगे।

इस रोमांचक टूर्नामेंट में हरभजन सिंह, शिखर धवन, सुरेश रैना, न्यूजीलैंड के रॉस टेलर, ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच, वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन जैसे कई अनुभवी खिलाड़ी मैदान पर उतरेंगे।




### लीग में कुल 7 टीमें हिस्सा लेंगी-

छत्तीसगढ़ वारियर्स, हरियाणा ग्लेडिएटर्स, दुबई जॉइंट्स, गुजरात सैम्प आर्मी, दिल्ली रॉयल्स, बिग बॉयज़ और राजस्थान किंग्स।

### स्टार खिलाड़ियों से सजी टीमें

छत्तीसगढ़ वारियर्स में सुरेश रैना, अंबाती रायडू और मार्टिन गुप्टिल जैसे विस्फोटक बल्लेबाज शामिल हैं, तो दिल्ली रॉयल्स में शिखर धवन और रॉस टेलर के अनुभव का फायदा मिलेगा। हरियाणा ग्लेडिएटर्स की कप्तानी फिरकी मास्टर हरभजन सिंह करेंगे, जबकि वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो राजस्थान किंग्स का नेतृत्व करेंगे। शाकिब अल हसन दुबई जॉइंट्स के लिए खेलते नजर आएंगे।

### लीग का मकसद और आयोजन

लीजेंड 90 लीग के निदेशक शिवेन शर्मा ने कहा, हम इस रोमांचक और तेज़-तर्रार 90 गेंदों वाले टूर्नामेंट की मेजबानी को लेकर उत्साहित हैं। विश्वस्तरीय और घरेलू दिग्गजों के साथ यह लीग क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार होगी।

### टीमों की पूरी सूची

**दुबई जॉइंट्स**

शाकिब अल हसन, थिसारा परेरा, केनर लुईस, केविन ओ ब्रायन, ब्रेंडन टेलर, लियाम प्लंकेट, ड्वेन स्मिथ, एच. मसाकद्ज़ा, रिचर्ड लेवी, ल्यूक फ्लेचर, राहुल यादव, क्रिस्टोफर एम, सिड त्रिवेदी, एस. प्रसन्ना।

**छत्तीसगढ़ वारियर्स**

सिद्धार्थ कौल, शेल्डन जैक्सन, पवन नेगी, केवॉन कूपर, सुरेश रैना, विशाल कुशवाहा, मार्टिन गुप्टिल, अभिषेक सकुजा, अंबाती रायुडु, अमित वर्मा, गुरुकीरत सिंह मान, अमित मिश्रा, ऋषि धवन, कलीम खान, उन्मुक्त चंद, मनोज सिंह, अभिमन्यु मिथुन, कॉलिन डी ग्रैंडहोम।

**हरियाणा ग्लेडिएटर्स**

पवन सुयाल, प्रवीण गुप्ता, अबू नीशम, अनुरीत सिंह, इमरान खान, असेला गुनारत्ने, इशांक जग्गी, हरभजन सिंह, नागेंद्र चौधरी, रिक्की क्लार्क, पीटर ट्रेगो, चैडविक वाल्टन, मनन शर्मा।

**गुजरात सैम्प आर्मी**

युसुफ पठान, मोइन अली, ओबस पिएनार, सौरभ तिवारी, केसरिक विलियम्स, जेसल करिया, मिगुएल कमिंस, चंद्रपॉल हेमराज, शापूर जादरान, मुहम्मद अशरफुल, विलियम पर्किन्स, नवीन स्टीवर्ट, चतुरंगा डी सिल्वा, मौसिफ खान।

**बिग बॉयज़ स्क्वाड**

मैट प्रायर, इशान मल्होत्रा, मोनू कुमार, चिराग गांधी, तमीम इकबाल, तिलकरत्ने दिलशान, हर्शेल गिब्स, उपुल थरंगा, अब्दुर रज्जाक, शैनन गेब्रियल, वरुण आरोन, नील ब्रूम, करमवीर सिंह, रॉबिन बिस्ट, नमन शर्मा, कपिल राणा, विनोद चांवरिया।

**दिल्ली रॉयल्स**

शिखर धवन, लेंडल सिमन्स, दनुश्का गनथिलका, एंजेलो परेरा, सहरद लुम्बा, बिपुल शर्मा, लखविंदर सिंह, राजविंदर सिंह, रेयाद इमरित, रॉस टेलर, जेरोम टेलर, सुमित नरवाल, परविंदर अवाना।

**राजस्थान किंग्स**

ड्वेन ब्रावो, अंकी राजपूत, फिल मस्टर्ड, शाहबाज़ नदीम, फैज़ फज़ल, शादाब जकाती, जसकरन मल्होत्रा, इमरान ताहिर, जयकिशन कोलसावाला, राजेश बिश्नोई, कोरी एंडरसन, पंकज राव, सैमुल्ला शिनवारी, रजत सिंह, एशले नर्स, दवलत जादरान, मनप्रीत गोनी।

# हांसी फ्लिक ने स्ज़ेसनी को बार्सिलोना में पहली पसंद का गोलकीपर बनाया



मैड्रिड

एफसी बार्सिलोना के मुख्य कोच हांसी फ्लिक ने मंगलवार को पुष्टि की कि वोइशिएक स्ज़ेसनी अब इनाकी पेना से आगे उनकी पहली पसंद के गोलकीपर बन गए हैं।

आर्सेनल, रोमा और जुवेंटस के पूर्व गोलकीपर स्ज़ेसनी अक्टूबर में बार्सिलोना से जुड़े थे, जब मार्क-आंद्रे टेर स्टेगन घुटने की चोट के कारण बाहर हो गए थे। हालांकि, फिटनेस संबंधी चिंताओं और इनाकी पेना के अच्छे फॉर्म के कारण स्ज़ेसनी का डेब्यू 4 जनवरी को हुआ, जब उन्होंने कोपा डेल रे में बारबास्ट्रो पर बार्सा की 4-0 से जीत में हिस्सा लिया।

इसके बाद उन्होंने स्पेनिश सुपरकप के दोनों मैच खेले, जिसमें बार्सिलोना ने खिताब जीता, हालांकि फाइनल में उन्हें लगभग आधे घंटे शेष रहते बाहर भेज दिया गया।

इनाकी पेना ने बेतिस के खिलाफ बार्सा की 2-0 कोपा डेल रे जीत और गेटाफे के खिलाफ 1-1 ला लीगा ड्रॉ में बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन फ्लिक ने चैंपियंस लीग में बेनफिका के खिलाफ स्ज़ेसनी को चुना। बार्सा ने यह मैच 5-4 से जीता, हालांकि स्ज़ेसनी ने एक पेनल्टी स्वीकार की और एक गोल में गलती भी की। इसके बावजूद, फ्लिक ने वालेंसिया के खिलाफ 7-1 की जीत में भी उन्हें टीम में रखा।

एटलांटा के खिलाफ चैंपियंस लीग ग्रुप-स्टेज के अंतिम मैच के लिए अपने निर्णय पर फ्लिक ने स्पष्ट किया कि अब स्ज़ेसनी उनकी प्राथमिक पसंद हैं। उन्होंने कहा, यह मेरे द्वारा लिए गए सबसे कठिन निर्णयों में से एक है। यह हमेशा कठिन होता है क्योंकि गोलकीपर की भूमिका बहुत खास होती है।

फ्लिक ने यह भी स्पष्ट किया कि यह इनाकी पेना में विश्वास की कमी को नहीं दर्शाता। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि जब मैं टेक (स्ज़ेसनी) के बारे में कुछ अच्छा कहता हूं, तो ऐसा लगता है कि इनाकी हार रहा है, मुझे यह पसंद नहीं है। मुझे गोलकीपर चुनना है और वे दोनों बेहतरीन गोलकीपर हैं। मैं हमेशा अपनी टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ की तलाश करता हूं और इस समय मैं इसे इसी तरह देखता हूं, हालांकि इनाकी ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।

## चैम्पियंस लीग फुटबॉल



लंदन में चैम्पियंस लीग फुटबॉल के लिए प्रशिक्षण सत्र में पहुंचे आर्सेनल के मिकेल मैरिनो, डिकेलने राइस, व मार्टिन ओलीगार्ड और मैनेजर मिकेल आरटीला।

# विश्वा फर्नांडो ने अल्पकालिक चैम्पियनशिप सौदे पर वारविकशायर के साथ किया करार

नई दिल्ली

श्रीलंका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज विश्वा फर्नांडो ने इस सत्र में काउंटी चैम्पियनशिप अभियान की शुरुआत के लिए वारविकशायर के साथ करार किया है। फर्नांडो ने 79 टेस्ट विकेट लिए हैं, जिसमें दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका में अपने आखिरी मैच में चार विकेट शामिल हैं, और वे अप्रैल में वारविकशायर के डिवीजन वन खेलों के लिए उपलब्ध रहेंगे।



उन्होंने पिछली गर्मियों में यॉर्कशायर के साथ तीन मैचों की पारी में प्रभावित किया था, जिसमें डर्बीशायर के खिलाफ मैच में नौ विकेट सहित 17 विकेट लिए थे, और श्रीलंका के इंग्लैंड दौरे के टेस्ट मैचों में भी शामिल रहे, जिसमें तीसरे टेस्ट में किआ ओवल में उनकी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका भी शामिल है।

वह 4 अप्रैल से शुरू होने वाले ससेक्स के खिलाफ़ अपने सीज़न के पहले मैच में वारविकशायर के लिए पदार्पण कर सकते हैं, और एक अन्य पूर्व क्लब, डरहम के खिलाफ खेलने के लिए भी उपलब्ध होंगे, और 18 अप्रैल से नॉटिंघमशायर के खिलाफ़ वारविकशायर के घरेलू मैच में भी खेलेंगे।

फर्नांडो ने क्लब की ओर से जारी एक बयान में कहा, मैं सीज़न के शुरुआती चरणों के लिए वारविकशायर में शामिल होने के लिए रोमांचित हूँ। पिछले दो वर्षों में काउंटी क्रिकेट खेलना मेरे लिए बेहद आनंददायक रहा है। काउंटी में कुछ बहुत अच्छे क्रिकेटर हैं और मैं एलेक्स डेविस, एड बर्नार्ड और सभी लड़कों के साथ खेलने के लिए उत्सुक हूँ। जब मैं किसी भी टीम के लिए मैदान पर उतरता हूँ तो मैं हमेशा अपना 100 प्रतिशत देता हूँ और वफादार बियर्स प्रशंसक हर दिन मेरा दिल और आत्मा से स्वागत करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मुझे यह अवसर देने के लिए मैं क्रिकेट श्रीलंका का आभारी हूँ और मेरी क्षमता पर विश्वास करने के लिए मार्क रॉबिन्सन का आभारी हूँ।

फर्नांडो के हस्ताक्षर इस बात की पुष्टि के बाद हुए हैं कि पाकिस्तान के हसन अली लगातार तीसरे साल एजबेस्टन में वापसी करेंगे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर, न्यूजीलैंड के टेस्ट कप्तान टॉम लैथम और पूर्व मिडिलसेक्स पेसर एथन बैम्बर भी सर्दियों में शामिल हुए हैं। वारविकशायर के प्रथम-टीम कोच मार्क रॉबिन्सन ने कहा, काउंटी चैंपियनशिप के पहले तीन राउंड के लिए विश्वा को सुरक्षित करके हम बहुत खुश हैं। वह एक सिद्ध अंतरराष्ट्रीय और बाएं हाथ के गेंदबाज हैं, जो हमारे आक्रमण को पूरक बनाने के लिए हमें शानदार विविधता प्रदान करेंगे। पिछले सीजन में उन्होंने यॉर्कशायर के लिए अच्छा प्रदर्शन किया था, बहुत सारे विकेट लिए थे और हमें उम्मीद है कि वह इस अभियान को मजबूत शुरुआत देने में हमारी मदद कर सकते हैं।

# एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम घोषित, सलीमा टेटे बनीं कप्तान

नई दिल्ली

हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा, जिसमें भारत इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी के खिलाफ मुकाबला करेगा। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ करेगी।

टीम की कमान मिडफील्डर सलीमा टेटे को सौंपी गई है, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान की भूमिका निभाएंगी।



### अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का संतुलन

टीम चयन पर भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, यह टीम अनुभव और युवा प्रतिभा का अच्छा मिश्रण है, जो टूर्नामेंट में उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा का सामना करने में मदद करेगा। महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले कुछ युवा खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हमें भरोसा है कि टीम दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करेगी।

### भारतीय महिला हॉकी टीमः

**गोलकीपरः** सविता, बिचू देवी खारिबाम।

**डिफेंडरः** सुशीला चानू पुखरंबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री।

**मिडफील्डरः** वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनेलिता टोप्पो, लालरेम्सियामी, बलजीत कौर, शर्मिला देवी।

**फॉरवर्डः** नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका, वंदना कटारिया।

### स्टैंडबाय खिलाड़ीः

**गोलकीपरः** बनवारी सोलंकी

**डिफेंडरः** अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति सिंह

**फॉरवर्डः** साक्षी राणा, अन्नू, सोनम

टीम में बदलाव की संभावना एफआईएच नियमों के अनुसार, अगर कोई टीम टूर्नामेंट के दौरान चार से अधिक मैच खेलती है, तो वह पहले चार मैचों के बाद अपनी टीम में बदलाव कर सकती है। हालांकि, यह बदलाव केवल पूर्व-अनुमोदित खिलाड़ियों की सूची से ही किए जा सकते हैं। भारतीय टीम के प्रशंसकों को उम्मीद है कि यह संतुलित टीम एफआईएच प्रो लीग में दमदार प्रदर्शन करेगी।

पार्टी

# रॉकिंग हाउस पार्टी के लिए ऐसे करें तैयारी



पब या क्लब में जाने के बजाय हाउस पार्टी ज्यादा मजेदार होती है। इसमें बस आप होते हैं और आपका गैंग, आप जैसा दिल चाहे म्यूजिक सुन सकते हैं और चाहे जितनी तेज आवाज में। जहां हाउस पार्टी बेहद रिफ्रेशिंग होती है वहीं इसकी प्लानिंग ऐसी होनी चाहिए कि हर कोई बढ़िया टाइम स्पेंड करे। यहां हैं रॉकिंग हाउस पार्टी के लिए कुछ टिप्स...

## अलग-अलग मूड के हिसाब से तय करें प्लेलिस्ट

पार्टी को सक्सेसफुल बनाने के लिए म्यूजिक सबसे इंपॉर्टेंट फैक्टर होता है। अगर लोगों को म्यूजिक पसंद आता है तो तुरंत उनका मूड बन जाताहै। इसलिए यह ध्यान रखें कि आपकी प्लेलिस्ट में पर्याप्त गाने हों वो भी अलग-अलग कैटेगरी के। इससे आपको पार्टी के मूड के हिसाब से प्लेलिस्ट चेंज करने में आसानी रहेगी। स्पीकर्स अच्छे रखें ताकि बढ़िया इफेक्ट मिल सके।

## लिमिटेड लोगों को ही बुलाएं

आप जिनको बुलाना चाहते हैं उनकी गेस्ट लिस्ट बनाएं और यह लिस्ट अपने घर के स्पेस को ध्यान में रखते हुए बनाएं। किसी को ऐसी पार्टी पसंद नहीं आती जहां खड़े होने, बैठने या डांस करने की जगह न हो। इसलिए समझदार बनें और कुछ ही लोगों को पार्टी में बुलाएं। कई बार लोग अपने साथ किसी को ले आते हैं तो आप इस चीज के लिए भी तैयार रहें।

## पहले से करें मेन्यू डिसाइड

जहां हममें से ज्यादातर लोग ऐसा करते हैं, यह जरूर ध्यान रखें कि कहीं आपके गेस्ट्स को किसी चीज से एलर्जी तो नहीं। कई लोग ग्लूटेन, मीट, डेयरी वगैरह नहीं खाते। जंक फूड की जगह हेल्थी फूड प्रिफर करें।

## एक पार्टी कॉकटेल रखें

भले ही आप अपनी पार्टी के लिए कुकिंग न करें लेकिन घर पर एक फन कॉकटेल जरूर बनाएं। देखें कि सबसे पसंद किया जाने वाला ऐल्कॉहॉल कौन सा है, इसे कॉकटेल के बेस की तरह यूज करें। पार्टी के पहले एक-दो बार यह ड्रिंक ट्राई करके ले लें। अगर लोगों को यह पसंद आता है तो वे यह पार्टी जरूर याद रखेंगे।

## कुछ फन गेम्स की तैयारी करें

यह सबसे जरूरी है कि हर कोई आपकी पार्टी को एंजॉय करे। अगर गेम्स के लिए कुछ प्रॉप्स की जरूरत पड़े तो पहले से ही प्लान कर लें। साथ ही गेम के विनर को छोटा गिफ्ट भी दें। इससे डल पार्टी में जान आ जाएगी। आप ट्रुथ ऐंड डेयर, हाउजी या ड्रिंकिंग गेम जैसे नेवर हैव आई एवर जैसे गेम्स रख सकती हैं।



# घर पर कैसे करे हेयर स्पा



आजकल हर महिला अपने बालों को सुन्दर बनाना चाहती है। इसलिए बालों की सुंदरता को बनाये रखने के लिए कई तरीके अपनाती हैं। बालों को सुन्दर बनाने के लिए सिर्फ शैम्पू और कंडीशनर काफी नहीं है। बालों को सुन्दर बनाने के लिए उनके टेक्सचर और शाइनिंग के लिए हमें कुछ ज्यादा करना पड़ेगा। हेयर स्पा इसका सबसे अच्छा तरीका है, पर हेयर स्पा का खर्च हर किसी के लिए उपुक्त नहीं हैं। हम आपको बताएंगे के आप घर पर ही हेयर स्पा कैसे कर सकते हैं।

## तेल की मालिश

तेल की मालिश करने से हमारे बालों की रुसी खत्म होती है। और बाल रूखे नहीं होते। तेल की मालिश करने से बालों को नमी मिलती है जो बालों को रुखा होने से रोकती है। पर तेल की मालिश के साथ ये भी जरूरी है के मालिश के लिए कौनसा तेल इस्तेमाल किया जाये। बादाम और नारियल का तेल बालों के लिए बहुत ही फायदेमंद है। तेल की मालिश करते वक्त ये ध्यान रखे की तेल बालों में एक-एक जड़ में अच्छे से लगे और इसी तरह बालों की 15 से 20 मिनट तक मालिश करें।

### हेयर स्पा करने के लाभ

1. हेयर स्पा करने से बालों की रुसी खत्म होती है।
2. हेयर स्पा करने से बालों का झ?ना कम होता है।
3. हेयर स्पा करने से बाल सुन्दर होते हैं और उनमे शाइनिंग आती है।
4. हेयर स्पा करने से बालों को पूरा सम्पूर्ण पोषण मिलता है।

## बालों को भाप

बालों को भाप देने से बालों की सुंदरता बढ़ती है। बालों को भाप देने के लिए एक बड़े बर्तन में पानी को गर्म करें गर्म पानी में तौलिये को भिगो लें और गर्म पानी से भीगे तौलिये को अपने सिर पर रखें। बालों को भाप देने से बालों की जड़ों के छिद्र खुल जाते हैं और तेल एक-एक जड़ में अच्छे से जाता है। इसके अलावा अगर आपके पास भाप देने की मशीन है तो आप उसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

## बालों को करें शैम्पू

वैसे तो ये सब तरीको में से सबसे आसान तरीका है। पर इससे बालों में शाइनिंग आती है। अब आप अपने बालों को शैम्पू से धो लें। पर बालों के लिए माइल्ड शैम्पू का इस्तेमाल करें।

## कंडीशनर करें

बालों को शैम्पू करने के बाद बालों को हल्के-हल्के हाथों से पोंछ लें। और फिर बालों में कंडीशनर लगाएं। बालों में 3 से 4 मिनट कंडीशनर लगाने के बाद इसे धो लें।

## हेयर मास्क

हेयर स्पा का आखरी स्टेप है हेयर मास्क। वैसे तो आप हेयर मास्क बहार से भी खरीद सकते हैं। पर अगर आप चाहें तो घर में बने हुए नेचुरल हेयर मास्क का भी उपयोग कर सकते है जैसे अंडे का हेयर मास्क या नारियल और गुलाब का हेयर मास्क ।



स्वास्थ्य

# महिलाओं को हर उम्र में स्वस्थ रहना है तो लें आयरन और विटमिन



महिलाओं में जरूरत से ज्यादा होने वाले हार्मोनल बदलाव से उनके शरीर में अक्सर पोषक तत्त्वों की कमी हो जाती है जिन्हें दूर करना जरूरी होता है। ऐसा न होने पर महिलाओं के स्वास्थ्य पर भी इसका बुरा असर पड़ने लगता है। ऐसे में अगर महिलाएं हर उम्र में स्वस्थ रहना चाहती हैं तो उन्हें इन चीजों का सेवन करना चाहिए...

## आयरन की कमी न हो

महिलाओं के शरीर में खून की कमी का प्रमुख कारण आयरन की कमी है। आयरन दिमाग और मांसपेशियों तक ऑक्सिजन पहुंचाता है। 19-50 साल की महिलाओं में इस तत्त्व का अभाव ज्यादा होता है। खासकर बढ़ती उम्र और प्रेग्नेंसी के दौरान इस तत्व की खपत मांसपेशियों, हड्डियों व अहम कोशिकाओं द्वारा बढ़ जाती है। ऐसे में इसकी कमी से थकान, सिरदर्द, त्वचा की रंगत में बदलाव, भूख बढ़ना या घटना, हाथ-पैरों में दर्द, सांस लेने में दिक्कत होने लगती है।

## विटमिन डी की कमी



ज्यादातर महिलाओं को दूध पीना पसंद नहीं होता। साथ ही वे घर से बाहर निकलते समय हाथों में दस्ताने व मुंह पर स्कार्फ बांध लेती हैं ऐसे में उन्हें विटमिन-डी नहीं मिलता। कैल्शियम को अब्जॉर्ब करने में विटमिन-डी अहम है। इसकी कमी से इम्यूनिटी घटने लगती है।

## विटमिन-बी2 की कमी

आयरन की कमी से राइबोफ्लेविन (विटमिन-बी2) तत्व की कमी होना सामान्य है। यह ऐसा ऐंटि-ऑक्सिडेंट है जो पाचनतंत्र व त्वचा को सेहतमंद रखता है। युवावस्था व इससे ज्यादा उम्र वाली महिलाओं को रोज 1 मिलीग्राम राइबोफ्लेविन की जरूरत पड़ती है। इसकी कमी से आंखों में जलन व आसपास खुजली होती है। चेहरे, होंठ, मुंह के आसपास त्वचा फटने लगती है।

## ओमेगा-थ्री फैटी ऐसिड

सेहतमंद हृदय से लेकर दिमाग के सही काम और स्वस्थ आंखों के लिए ओमेगा-3 फैटी ऐसिड जरूरी होता है। इसकी कमी से जोड़ों में दर्द, कलेस्ट्रॉल का स्तर बढ़ना, तनाव, अस्थमा, कमजोर याद्दाश्त जैसी समस्याएं होने लगती हैं।

# तन मन को रखना तरोताजा तो बदल दीजिए अपना डाइट चार्ट

मस्तिष्क में मौजूद सेरोटोनिन, डोपामाइन जैसे तत्वों का हमारे मूड से गहरा संबंध होता है और जिस डाइट से इन्हें बनने में मदद मिलती है, उनका सेवन हमारे मूड को तरोताजा रखता है.

आजकल किसी के मूड के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता. कोई भी एक पल में गुस्सा तो कभी भावुक हो जाता है और अक्सर तनाव की स्थिति बनती है, अगर आपका मूड भी कुछ ऐसा ही है तो आपको अपने डाइट पर ध्यान देने की जरूरत हैं. कई शोधों में यह बात अब प्रमाणित हो चुकी है कि विटामिन्स बी, मिनिरल्स आदि से भरपूर कुछ ऐसी डाइट हैं, जिनके सेवन से आपका मूड बेहतर होता है और आप तरोताजा महसूस करते हैं.



**अखरोट:** अखरोट में ओमेगा 3 फैटी एसिड और मैग्नीशियम भरपूर मात्रा में पाया जाता है जो मस्तिष्क में सेरोटोनिन के स्तर को तेजी से बढ़ाता है. इसके सेवन से न सिर्फ तनाव दूर होता और आप अच्छा महसूस करते हैं, बल्कि नकारात्मकता दूर होती है और नींद भी अच्छी आती है.

**शकरकंद:** शकरकंद में कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में होता है जो मस्तिष्क में सेरोटोनिन को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे मूड अच्छा रहता है और नींद अच्छी आती है.

**दही:** दही कैल्शियम का प्रमुख स्त्रोत है जिसके सेवन से मूड तरोताजा हो जाता है. खासतौर पर महिलाओं के लिए इसका सेवन और भी फायदेमंद है, क्योंकि यह मासिक धर्म के दौरान उनके व्यवहार में आने वाली झुंझलाहट को कम करता है. यह मासिक धर्म के दौरान उनके शरीर में होने वाले हार्मोनल बदलाव और एस्ट्रोजेन- प्रोगेस्टेरोन के संतुलन को बनाए रखता है.

**केला:** केला जितना खाने में सुपाच्य है, उतना ही मूड को तरोताजा करने के लिए जरूरी है. इसमें कार्बोहाईड्रेट्स के अलावा पोटैशियम, विटामिन बी 6 और मैग्नीशियम अच्छी मात्रा में होता है. रोज सुबह नाश्ते में केला खाने से दिन भर मूड अच्छा रहता है.

# दुपट्टे को स्टाइल में कैरी कर बदलें लुक



भारतीय वेशभूषा में एक चीज आपको सबसे अलग दिखेगी, वह हैं दुपट्टा। दुपट्टा कभी माँ का आँचल बनता हैं तो कभी प्रेमिका के प्यार का प्रतीक। दुपट्टा को लहंगे और साड़ी के अलावा जींस के साथ भी वियर किया जाने लगा हैं। आपको बता दें कि आप दुपट्टे को अलग-अलग तरह से इस्तेमाल कर भी अपना लुक बदल सकती हैं। कई बार तो यह भी देखा गया कि पूरा ड्रेस चाहे वह सलवार कमीज हो लहंगा वह बिलकुल सिंपल एंड प्लेन हैं मगर दुपट्टा अच्छा खासा वर्क करा हुआ हैं। आप चाहे तो दुपट्टे को कंधे पर एक तरफ कैरी कर सकती हैं।

इस तरह से आप सिर्फ अपने ड्रेस को ही नहीं बल्कि अपने फीगर को भी फ्लॉन्ट कर सकती हैं। दुपट्टे को चाहे तो आप दोनों शोल्डर्स पर कैरी कर सकती हैं। इसे प्लीट्स बना कर या फ्री स्टाइल में पहना जा सकता हैं। दुपट्टे का आधा हिस्सा आगे रख कर पीछे वाला हिस्सा अपने कम्फर्ट के हिसाव से लहंगे के साथ पिन अप भी किया जा सकता हैं। यदि आपका ड्रेस बहुत हैवी हैं तो दुपट्टे को गले में कैरी करे। दुपट्टे को चाहे तो कलाइयों पर भी कैरी किया जा सकता हैं। डीप नेक चोली के साथ ऑफ शोल्डर स्टाइल में दुपट्टा पेयर करे। दुपट्टे को डीप यू शेप देते हुए शोल्डर्स पर पिन अप करते हुए पीछे से फ्री छोड दें। इस स्टाइल को शिफॉन के साथ कैरी ना करे। इस स्टाइल में दुपट्टे को तभी कैरी करे जब उनका वर्क हैवी या कुछ डिफरेंट हो।



रेसिपी

## चीज़वाले बैंगन



### सामग्री

200 मिली ऑलिव ऑयल, 2 बड़े बैंगन गोल स्लाइसेज में कटे, स्वादानुसार नमक, 200 ग्राम आटा, 400 मिली टोमैटो सॉस, 300 ग्राम मोजारेला चीज, 8 स्पून पारमेजन चीज, 8 स्पून ब्रेडाक्रम्स, बारीक़, 2 स्पून पार्स्ले बारीक कटा, **टोमैटो सॉस के लिए:** 1 किलो टमाटर, 1 स्पून नमक, ड्ड कप तुलसी पत्ते, बारीक़ कटे, 1 स्पून काली मिर्च, ताजी पिसी हुई, 2 स्पून ऑलिव ऑयल, 2 स्पून लहसुन

### विधि

**टोमैटो सॉस बनाने के लिए:** टमाटरों को थोड़ी देर उबलते पानी में डाल दें (ब्लांच करें)। अब इनके छिलके उतारकर छोटे टुकड़ों में काट लें और मिक्सर में ब्लेंड कर चिकना मिश्रण तैयार कर लें। धीमी आंच पर इसे तब तक पकाएं, जब तक कि यह गाढ़ा न हो जाए। नमक, तुलसी के पत्ते और काली मिर्च डाल दें। दूसरे पैन में ऑलिव ऑयल गर्म करें और इसमें लहसुन को सुनहरा होने तक भून लें। इसे टोमैटो सॉस के ऊपर डालें और फिर अच्छी तरह मिलाएं। **बैंगन पकाने के लिए** : एक पैन में ऑलिव ऑयल गर्म करें। बैंगन के टुकड़ों में नमक और आटा बुरक कर इसे पैन में सुनहरा होने तक भून लें। फिर पलट कर दूसरी तरफ़ भी भूनें। अतिरिक्त ऑलिव ऑयल निथार लें। पहले से तेल लगाकर रखे हुए गहरे बेकिंग पैन में टोमैटो सॉस, मोजारेला चीज व पारमेजन चीज की पर्त बिछाकर बैंगन की एक स्लाइस रखें। फिर सॉस व चीज की पर्त लगाकर दूसरी स्लाइस रखें और यही प्रक्रिया दोहराते जाएं। पार्स्ले व ब्रेडक्रम्स को मिलाकर बैंगन के सबसे ऊपरी हिस्से की पर्त बनाएं. गर्म ग्रिल में इसे तब तक बेक करें, जब तक कि इसकी ऊपरी पर्त सुनहरी न दिखने लगे और चीज़ के बुलबुले न बनने लगें। चीज़वाले बैंगन तैयार हैं।

## देसी फ्राइड राइस



### सामग्री

1 टेबलस्पून तेल, 1 1/2 टेबलस्पून लहसुन का पेस्ट, 2 अंडे, 50ग्राम गाजर, कटा हुआ, 50 ग्राम पत्ता गोभी, कटी हुई, 50ग्राम फ्रेंच बीन्स, कटी हुई, 500 ग्राम पका हुआ चावल, 1 1/2 टेबलस्पून नमक, 30 मिली वेजेटेबल स्टॉक, 3 से 4 बर्ड चिली?, 1 टेबलस्पून काली मिर्च पाउडर, स्प्रिंग अनियन, सजाने के लिए

### विधि

पैन में तेल गर्म करें. लहसुन पेस्ट, अंडे, गाजर और पत्ता गोभी को भूनें। इसमें फ्रेंच बीन्स डालें। अंडे के पकने और सब्जियों के नर्म होने तक चलाते रहें। चावल डालें और अच्छी तरह मिलाएं। नमक, वेजेटेबल स्टॉक, चिलीज और काली मिर्च डालें। स्प्रिंग अनियन से सजाएं।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**